RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 230
हिसार | शनिवार, 18 नवम्बर, 2023
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए | पृष्ठ 6




**-पाठकपक्ष न्यूज-** 19 नवम्बर को मनाये जाने वाले छठ महापर्व के उपलक्ष्य में पुरानी सब्जी मंडी में पूजा सामग्री खरीदते पूर्वांचल समाज के लोग।




# कुत्ते ने काटा तो 10 हजार का मुआवजा, एसीडी को हाई कोर्ट की फटकार, इस हफ्ते कोर्ट के फैसले

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 18 नवम्बर :** सुप्रीम कोर्ट से लेकर लोअर कोर्ट तक के वीकली राउंड अप में इस सप्ताह कानूनी खबरों के लिहाज से काफी उथल-पुथल वाला रहा है। हरियाणा में प्राइवेट नौकरियों में राज्य के निवासियों को 75 प्रतिशत आरक्षण को हाई कोर्ट ने रद्द किया। कुत्ते ने काटा तो हर एक दांत के निशान पर मिलेगा 10 हजार का मुआवजा। दिल्ली हाईकोर्ट ने एमसीडी को क्यों लगाई फटकार? क्या ज्ञानवापी के बाद शाही ईदगाह परिसर का होगा एएसआई सर्वे? इस सप्ताह यानी 13 नवंबर से 18 नवंबर 2023 तक क्या कुछ हुआ? कोर्ट के कुछ खास ऑर्डर/जजमेंट और टिप्पणियों का विकली राउंड अप आपके सामने लेकर आए हैं। कुल मिलाकर कहें तो आपको इस सप्ताह होने वाले भारत के विभिन्न न्यायालयों की मुख्य खबरों के बारे में बताएंगे।

**हरियाणा में प्राइवेट जॉब का 75 प्रतिशत कोटा कोर्ट ने किया रद्द**

पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा के स्थानीय लोगों के लिए प्राइटर में 75 फीसदी आरक्षण देने के कानून को रद्द कर दिए। इस कानून को फरीदाबाद गुरुग्राम के उद्योगपतियों ने चुनौती दी थी। कोर्ट ने अपने टि में कहा कि राज्य सरकार का यह एक्ट अरन और संविधान के भाग- 3 है। इसको बनाने के लिए हरियाणा सरकार पास कोई संवैधानिक अधिकार नहीं इसे किया गया तो दूसरे प्रदेश में इस दिशा में आगे बढ़ेंगे। हरियाणा सरकार की ओर से ऐडवोकेट जनरल बलदेवराज महाजन ने फैसले के खिलाफ जल्दी ही सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करेगे। राज्य सरकार नेता कि यह कोटा सिर्फ उन्हीं निजी संस्थानों पर लागू होगा 10 या उससे लोग नौकरी कर रहे हो और 30 हजार प्रति महीने से वाम हो।

**कुत्ते ने काटा तो 10 हजार का मुआवजा**

पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने पंजाव, हरियाणा और चंडीगढ़ को निर्देश दिए है कि डॉग वाइट के केसों में पीड़ितों को मुआवजा मिले। फैसले के मुताविक, कुत्ते के काटने से संबंधित मामलों में एक दांत के निशान के लिए वित्तीय मदद न्यूनतम 10 हजार रुपये होगी। कुत्ता किसी का मांस नोच लेता है तो प्रति 0.2 सेंटीमीटर घाव के लिए न्यूनतम मुआवजा 20 हजार रुपये होगा। कोर्ट ने कहा कि शिकायत मिलने पर पुलिस डीडीआर दर्ज कर दावे की जांच करेगी। कोर्ट ने अलग-अलग 193 याचिकाओं का निपटारा कर दिया। हाई कोर्ट में पहली बार किसी मामले से जुड़ी इतनी याचिकाओं का एक साथ निपटारा किया गया है। इस मामले में पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ की ओर से कुत्तों के काटने के मामलों पर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की जा चुकी है। कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा राज्यों के अलावा चंडीगढ़ को इस तरह के मुआवजे तय करने के लिए समितियां बनाने के लिए कहा है। ये समितियां संबंधित जिलों के उपायुक्तों की अध्यक्षता में बनाई जाएंगी। समितियों को ऐप्लिकेशन मिलने और जांच के बाद चार महीनों के अंदर मुआवजा राशि जारी करनी होगी।

**दिल्ली हाईकोर्ट ने एमसीडी को क्यों लगाई फटकार**

दिल्ली हाईकोर्ट ने पुरानी दिल्ली में जामा मस्जिद के निकट स्थित दो सार्वजनिक उद्यानों का कब्जा नहीं लेने के लिए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) से सवाल किया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने एमसीडी को कानून के अनुसार दोनों सार्वजनिक उद्यानों का कब्जा लेने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश दिया। एमसीडी के वकील ने अदालत को बताया कि जामा मस्जिद से सटे उत्तरी उद्यान (नॉर्थ पार्क) और दक्षिणी उद्यान (साउथ पार्क) उनके कब्जे में नहीं हैं और इन उद्यानों पर मस्जिद अधिकारियों का कथित तौर पर अवैध कब्जा है।

## नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में होगा चुनाव, पूर्ण बहुमत से भाजपा की होगी जीत : कृष्ण बिश्नोई



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** शहर के विकास और समस्याओं को लेकर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण बिश्नोई से उनके सेक्टर 33 स्थित निवास पर चर्चा की गई। उन्होंने हिसार शहर में विकास कार्यों को गिनवाते हुए कहा कि भाजपा सरकार में हिसार के विकास को चार चांद लग गए हैं। डाबड़ा पुल का दोहरीकरण करने से लोगों को काफी सुविधा मिली है। इसकी वजह से शहर में अक्सर जाम की स्थिति रहती थी जो अब लगभग खत्म सी हो गई है। उन्होंने कहा कि शहर के गंदे पानी के निस्तारण के लिए एसटीपी का निर्माण करवाया गया। डॉ. कमल गुप्ता, मेयर गौतम सरदाना और कैप्टन भूपेंद्र के सहयोग से मिलगेट के रोड की समस्या का समाधान करवाया गया। हालांकि रोड पर पानी भरने की अभी भी थोड़ी समस्या है जो सीवरेज के कारण है उसका भी जल्द ही समाधान करवा दिया जाएगा। हिसार के एयरपोर्ट को लेकर उन्होंने कहा कि यह हिसार के लिए गर्व की बात है कि जल्द ही यहां से हवाई यात्रा शुरू होने जा रही है। उन्होंने कहा कि अभी एयर पट्टी पर कुछ काम चल रहा है। 2024 के शुरुआत में ही हिसार के एयरपोर्ट से फ्लाइटें उडने की संभावना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के नए भाजपा अध्यक्ष नायब सिंह सैनी की अध्यक्ष में हरियाणा में चुनाव संपन्न होगा और भाजपा भारी बहुतम से विजय हासिल करेगी।

## छठ पर्व शुरू, कल अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को त्रिवेणी के जल से अर्ध्य दिया जाएगा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति के तत्वाधान में छठ महापर्व की शुरुआत हो गई। समिति के महासचिव मुरलीधर पाण्डेय व कोषाध्यक्ष आचार्य शिवपूजन शास्त्री ने बताया कि 19 नवम्बर को छठ महापर्व के मुख्य दिन जिंदल पार्क, मिल गेट स्थित जिंदल सरोवर में अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को त्रिवेणी के जल से अर्ध्य दिया जाएगा। 20 नवम्बर को प्रातः उगते हुए सूर्य को अर्ध्य देकर महापर्व सम्पन्न हो जाएगा। छठ महापर्व के दिन 19 नवम्बर को सायं 4 बजे हरियाणा की पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल मुख्यातिथि के रूप में भाग लेंगी। इस अवसर पर होने वाले हवन-यज्ञ में मुख्य यजमान के रुप में समाजसेवी अशोक गोयल मंगालीवाला, माटी कला बोर्ड के पूर्व चेयरमैन भूपेन्द्र गंगवा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित होंगे।

## लचर सीवर व्यवस्था से परेशान रुप नगर निवासियों को स्वयं करनी पड़ी सीवर की सफाई

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** बारह क्वार्टर रोड स्थित रूप नगर निवासी कई दिनों से लचर सीवर व्यवस्था से जूझ रहे हैं। सीवर की सफाई न होने से उन्हें स्वयं कमर कसकर सीवर की सफाई करनी पड़ी। रूप नगर में न तो समुचित सीवर व्यवस्था है और न ही उसकी समुचित सफाई की जाती है। इस कारण सीवर बार-बार ब्लॉक हो जाते हैं। सीवर ब्लॉक होने से सीवर का दूषित बदबूदार पानी गलियों में फैल जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए रूप नगर निवासी पार्षद व नगर निगम में समक्ष कई बार गुहार लगा चुके हैं लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। ब्लॉक सीवर की समस्या से जूझ रहे रूप नगर निवासियों को मजबूरीवश स्वयं सीवर की सफाई करनी पड़ी। सुभाष, भासी चाय वाला व सोनू ने मिलकर सीवर सफाई के कार्य को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए नगर निगम में कई बार कहा



जा चुका है लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मजबूरीवश रुप नगर निवासियों को स्वयं सीवर की सफाई का काम करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों को इस दिशा में संज्ञान लेते हुए रूप नगर निवासियों को राहत प्रदान करनी चाहिए।

## एनएचएम के एमडी डायरेक्टर से मिला आशा कार्यकर्ता यूनियन का प्रतिनिधिमंडल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** केंद्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी से संबंधित आशा कार्यकर्ता यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल ने एनएचएम के एमडी डायरेक्टर के साथ पंचकुला स्थित मुख्यालय पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राज्य अध्यक्ष कामरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट ने किया। एआईयूटीयूसी के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला सचिव मेहर सिंह बांगड़ तथा आशा कार्यकर्ता यूनियन की जिला प्रधान सत्यबाला ने बताया कि इस बैठक के दौरान आशा कर्मियों की मांगों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर सिलसिलेवार बातचीत की गई। बैठक के दौरान लंबी वार्ता चली और चर्चा-विचार के बाद विभिन्न मांगों पर सहमति जताई गई। बैठक में इंसेंटिव को दो गुना करने, चिरायु योजना के लिए जिन आशा कर्मियों से 15 सौ रुपए वार्षिक बतौर प्रीमियम लिए गए हैं, वे सर्वे कराकर वापस देने, आशा कार्यकर्ता को टैब देने व इसके लिए समुचित ट्रेनिंग देकर लिखित कार्य खत्म करने, ड्रेस के 800 रुपए से बढ़ाकर 15 सौ रुपए करने, कोविड के 12 हजार रूपए जिनको नहीं मिले हैं, उन सभी को देने, आशा के लिए हर स्तर पर विश्राम रूम अलॉट करने, सीएचसी, पीएचसी, नागरिक हॉस्पिटल आने जाने के लिए एकमुश्त राशि देने,



आशा एप जल्दी ही शुरू करने व सभी को बकाया मानदेय जारी करने पर सहमति जताई गई। आशा कार्यकर्ता यूनियन ने 21 सौ रुपए मानदेय बढ़ोतरी को ऊंट के मुंह में जीरा बताया। इस पर मिशन डायरेक्टर ने कहा कि यह मांग सरकार के पास भेजी जा रही है, लेकिन दूसरी यूनियन के साथ 21 सौ रूपए पर समझौता होने के कारण फिलहाल इस पर जटिलता बनी हुई है। आशा कार्यकर्ता यूनियन ने प्रदेश की आशा कर्मियों से 19 नवंबर से 25 नवंबर तक किसी भी एक दिन जिला स्तर पर बची हुई मांगों को पूरा करवाने के लिए मांग दिवस मनाने का आह्वान किया है। इस मौके पर एआईयूटीयूसी के राज्य प्रधान कामरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट, आशा कार्यकर्ता यूनियन की प्रधान राजबाला यादव, महासचिव मधुदेवी, सचिव संतोष देवी, कमलेश देवी, मास्टर सूबेसिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## एनसीएस पोर्टल के माध्यम से होगी निजी स्कूलों में प्री शिक्षक भर्ती

### रोजगार महानिदेशालय करेगा नेशनल करियर सर्विस पोर्टल द्वारा प्रदेश की बेरोजगार महिलाओं की निजी विद्यालयों के लिए प्री स्कूल शिक्षक भर्ती

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** रोजगार महानिदेशालय, श्रम एवं रोजगार कार्यालय, केंद्र सरकार एवं नेशनल इम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज द्वारा हरियाणा प्रदेश की बेरोजगार महिलाओं की निजी स्कूलों में प्री स्कूल शिक्षक भर्ती की जाएगी। इसके लिए 20 दिसम्बर से आवेदन शुरू कर दिए जाएंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए नेशनल केरियर सर्विस सेंटर फॉर एससी एसटी हरियाणा कार्यालय के उप प्रादेशिक रोजगार अधिकारी योगेश्वर यादव ने बताया कि सतत विकास के लक्ष्य के लिए सभी बच्चों की बचपन की शुरुआत में उन्हें सतत विकास, सही देखभाल और उच्च दर्जे की प्री स्कूल शिक्षा प्राप्त होनी चाहिए। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों की प्री स्कूल एवं नर्सरी शिक्षा को उच्च दर्जे का बनाने के लिए मापदण्ड तैयार किए गए हैं। इसलिए कुशल प्री स्कूल शिक्षकों की मांग बढ़ी है। उन्होंने बताया कि निजी विद्यालय प्ले वे स्कूलों में प्री स्कूल शिक्षक भर्ती के लिए अभ्यर्थी केवल महिलाएं होंगी जिनकी आयु सीमा 18 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है और शैक्षणिक योग्यता 12वीं कक्षा उत्तीर्ण और केंद्र सरकार या किसी भी राज्य सरकार द्वारा संचालित संस्थान से अरली चाइल्डहुड केयर एजुकेशन (ईसीसीई) में प्रमाण पत्र होना चाहिए। भर्ती में अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर पाएंगे।

## ड्रग तस्करों को दबोचने वाला स्निफ डॉग माइकल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** पुलिस के नारकोटिक्स विभाग के हैड कान्सटेबल के साथ स्निफ डॉग माइकल। मादक द्रव्य जहां भी हो माइकल उसे ढूंढ लेता है। माइकल को इस काम के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। जनता ड्रग्स बेचने वालों की शिकायत इस फोन पर कर सकती है-9050891508

## इन्द्र शर्मा को भ्राता शोक

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** पंजाबी कल्याण मंच के नेता इन्द्र शर्मा के बड़े भाई विनोद शर्मा सुपुत्र श्री कशव लाल शर्मा का गत दिवस निधन हो गया है। अंतिम संस्कार आज सायं ऋषि नगर स्थित शमशान भूमि में होगा।









# सम्पादकीय..........

## ऑनलाइन दवा बिक्री में विलंब पर कोर्ट ने जताई चिंता

दिल्ली हाईकोर्ट ने देश में दवाइयों की ऑनलाइन बिक्री के लिए नीति निर्धारण में विलंब पर जो चिंता और नाराजगी जताई है, वह गैर-वाजिब नहीं है। दवाइयों की ऑनलाइन बिक्री बहुत बड़ा मुद्दा है। इसे सामान्य चीजों की ऑनलाइन बिक्री की तरह नहीं लिया जा सकता। मुश्किल यह है कि कारोबारियों ने इसे सामान्य चीजों जैसा ही बना दिया है। सरकार ने भी इसकी अनदेखी की। गुपचुप तरीके से नहीं, बल्कि खुलेआम और व्यापक स्तर पर प्रचार करके कंपनियां घर पर दवाइयां पहुंचाने का काम कर रही हैं। केंद्र ने इस मुद्दे पर अंतिम बार कोई नोटिफिकेशन अगस्त 2018 में जारी किया था, लेकिन इसे पांच साल हो गए, इस बारे में कोई नीति नहीं आई। इस बीच दिसंबर 2018 में हाईकोर्ट ने ही दवाइयों की ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाई थी। दिल्ली हाईकोर्ट में एक अवमानना याचिका भी दायर की गई है, जिसमें दवाइयों की ऑनलाइन बिक्री जारी रखने के लिए ई-फार्मेसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। इसमें कोर्ट के आदेशों के बावजूद दोषी ई-फार्मेसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने के लिए केंद्र सरकार के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की गई है। ऑनलाइन दवा की बिक्री वाले ऐप की बाढ़ दर्शाती है कि वह नोटिफिकेशन भी असरकारक नहीं है और न ही सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को धरातल पर लागू करने का गंभीर प्रयास किया। हाईकोर्ट की चिंता ऑनलाइन दवा बिक्री के कारण पैदा होने वाले मानव स्वास्थ्य से जुड़े जोखिम को लेकर है। जो तथ्य धरातल पर हैं, उनके हिसाब से तो ऑनलाइन कंपनियां अपनी बिक्री बढ़ाने के लिए किसी भी नियम-कायदे का ध्यान नहीं रख रही हैं। मरीज को कोई खतरा न हो, इसके लिए दवा, उसकी गुणवत्ता, मात्रा का निर्धारण कोई डॉक्टर ही कर सकता है और कुछ सामान्य दवाइयों को छोडक़र डॉक्टर के पर्चे पर कोई फार्मासिस्ट ही इनकी बिक्री कर सकता है। ऑनलाइन बिक्री में इस अनिवार्यता का ध्यान रखा जा रहा है कि नहीं, स्पष्ट नहीं है। यह बड़ा खतरा इस दृष्टिकोण से भी है कि नशे के लिए भी कई दवाइयों का दुरुपयोग होता है। उपभोक्ता तक सीधी और सहज पहुंच के लिए सभी क्षेत्रों में ऑनलाइन बिक्री फल-फूल रही है। असहाय, अकेले, बाहर निकलने में अक्षम और दूरदराज के इलाके के मरीजों को घर पर ही दवा मिल जाए तो इससे उनको सुविधा हो सकती है। मरीजों का अहित न हो और कोई उनकी मजबूरी का नाजायज फायदा न उठा पाए, इसे तो सुनिश्चित करना ही होगा। सरकार को इसे समझना चाहिए और शीघ्रता से इस बारे में स्पष्ट नीति बनानी चाहिए।

# 'प्रज्ञा प्रतिष्ठित' होना है, 'माया प्रतिष्ठित' नहीं

**अध्यात्म**

संसार की हर चीज मापी जा सकती है। या यूं कहें कि जो नापा जा सके, वही संसार है। माया में आकार है, इसलिए इसको साकार कहते हैं। छोटा-बड़ा, पतला-मोटा, काला-गोरा, भारी-हल्का, नजदीक-दूर, अंधेरा-प्रकाश- ये सब द्वैत हमें संसार में दिखाई पड़ता है। हम हर चीज को नाप सकते हैं, प्रकाश की गति से लेकर धरती के नीचे होने वाली हलचल तक। शरीर भी पांच तत्वों से बना है, इसलिए शरीर की जांच हो जाती है। मापने की क्रिया माया में होती है। लेकिन कुछ ऐसा भी है जो मापा नहीं जा सकता। इसको चेतना कहते हैं।

यह चेतना निराकार होने से कभी बंधन में नहीं आती। इस चेतना रूपी निराकार के आधार पर ही सारा साकार टिका है। यह लेख लिखते समय जब मैंने आकाश की तरफ देखा तो पाया कि हमारी छोटी सी आंखें, अनंत ब्रह्मांड को अपने भीतर समा लेती है। धरती से कई गुने बड़े आकार का सूरज और तारा मंडल एक साथ आंख में समा जाते हैं। इस चमत्कार का आधार निराकार है। आश्चर्य ही है कि धरती के सभी मनुष्यों की आंखों में अकेला सूरज एक ही समय में समा सकता है। रोमांचित होकर हम कह सकते हैं कि जो हमें विशाल विश्व दिखता है, वह चेतना के सामने कितना छोटा है।

हमारी चेतना संसार के साथ जुड़ी रहती है। पांचों महाभूतों की अपनी-अपनी तन्मात्रा होती है, पृथ्वी की गंध, जल की रस, अग्नि की रूप, वायु की स्पर्श और आकाश की शब्द। केवल आकाश जो सबसे बड़ा महाभूत है उसकी तन्मात्रा जो शब्द है, उसी शब्द के आधार पर सारी माया खड़ी हो जाती है। देखा जाए तो मन की हलचल और सारे झगड़े भी शब्द के आधार पर खड़े हो जाते हैं, लेकिन चेतना में इन पांचों में से कोई भी तन्मात्रा नहीं होती। तन्मात्रा न होने कारण चेतना, माया से अति परे है। इस चेतना के भाव में आने के बाद जगत के बंधनों का असर हम पर नहीं होता।

जिस जगत में हम दिन-रात उलझे रहते हैं, वह दो प्रकार का होता है- एक जो मन में बसा है, दूसरा जो बाहर इंद्रियों के आधार पर दिखता है। मन में बसा जगत हमारी माया है, जो हर मनुष्य की अपनी-अपनी होती है। इन दोनों जगत से ऊपर उठने के लिए हम जगत के प्रति साक्षी होने का अभ्यास करते हैं। इसी को अध्यात्म यात्रा कहते हैं। साक्षी का अभ्यास करने से हमारे अंदर और बाहर जो भी घटता रहता है उससे अपने आप को नहीं जोड़ते, बल्कि जीवन की हर परिस्थितियों में अपने भीतर के संतुलन को साक्षी भाव से पकड़ कर रखते हैं। तब हम अपने इन्द्रिय, मन, बुद्धि से परे या यूं कहें माया से परे परम शांति का निरंतर अनुभव करने लगते हैं। इससे हमारी प्रज्ञा प्रतिष्ठित हो जाती है। अब हम माया के इर्द-गिर्द नहीं, बल्कि माया हमारे आसपास आने लगती है और हम माया के साक्षी बने रहते हैं। यदि माया के प्रति साक्षीभाव का अभ्यास न किया जाए तो हम 'प्रज्ञा प्रतिष्ठित' नहीं बल्कि 'माया प्रतिष्ठित' हो जाते हैं।

# सुण मौल्लड़ की



गाजा में अब फिलिस्तीनी संसद तबाह।

हमास नै इजरायल गेल पंगा ले कै खुद की अर फिलिस्तीन की तबाही का रास्ता खोल दिया।

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** कार्यों में आ रही रूकावटें दूर होंगी। राजकीय मामले सुलझने से राहत मिलेगी। कार्यक्षेत्र में मान व वर्चस्व बढ़ेगा।

**वृषभ :** पूंजी निवेश होने से लाभ होगा। भाग्योदय होने की संभावना। नए संपर्कों का लाभ मिलेगा।

**मिथुन :** मन तनावग्रस्त रहेगा। अनावश्यक विवादों से दूर रहें। आलोचना का शिकार हो सकते हैं। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**कर्क :** सुख सुविधा के सामान पर खर्च संभव है। जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता रहेगी। व्यक्तित्व में निखार आएगा।

**सिंह :** मन में अंजाना भय बना रहेगा। खान-पान में लापरवाही से सेहत बिगड़ सकती है। आत्मविश्वास में कमी आएगी। भगवान गणेश जी की पूजा करें।

**कन्या :** संतान के भाग्योदय से प्रसन्नता मिलेगी। पारिवारिक आयोजन सफल रहेंगे। मनचाही सफलता की राह आसान होगी।

**तुला :** आर्थिक नुकसान होने की संभावना। जोखिम लेने से बचें। हृदय रोगी विशेष सावधानी बरतें। सूर्य को जल दें।

**वृश्चिक :** अधिकारियों से निकटता बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में इच्छित सफलता मिलेगी। नई योजनाओं की शुरूआत लाभकारी रहेगी।

**धनु :** परिवार के साथ खुशी भरा समय व्यतीत करेंगे। महत्वपूर्ण समाचार प्राप्त होंगे। रिश्तेदारों के साथ संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**मकर :** नए काम की शुरूआत हो सकती है। अनुभवी लोगों की मदद से उलझने दूर होंगी। जल्दबाजी करने से बचें। धैर्य से काम लें।

**कुंभ :** मन में नकारात्मक विचार आएंगे। तनाव की स्थिति में फैसला लेना मुश्किल होगा। कार्यों में अवरोध के चलते मन में खिन्नता बढ़ेगी। दुर्गा माता की पूजा करें।

**मीन :** विभिन्न स्त्रोतों से धन लाभ होगा। उपहार प्राप्त होने की संभावना। प्यार के मामले में सफलता मिलेगी।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल के डी.पी. सतीश सिवाच का पोलैंड टीम के हेड कोच के पद हेतु चयन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल, हिसार के डी.पी. सतीश सिवाच 'बंगा बंधु अंतरराष्ट्रीय कबड्डी कप 2024' जो कि 11 मार्च 2024 से 21 मार्च 2024 को बांग्लादेश में आयोजित किया जाएगा उसके लिए पोलैंड टीम के हेड कोच नियुक्त किए गए हैं और विश्व कप के लिए भी उनका चयन हुआ है। यह विद्यालय के लिए बड़े गौरव की बात है। निश्चित तौर पर उनकी यह उपलब्धि उनके अथक परिश्रम का फल है। विद्यालय में भी उनके द्वारा प्रशिक्षित खेलों की टीमें कई पुरस्कार एवं प्रतियोगिताएं जीत चुकी हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्या डॉ. इंदु शर्मा ने उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# खुशनसीब वह नहीं, जिन्हें जीवन में सब कुछ अच्छा मिला है, बल्कि वह है जिन्हें तकदीर से जो भी मिला, उसे स्वीकार कर खुश रहते हैं!

**-पाठकपक्ष डेस्क-**



खुश होना सब चाहते हैं और हम सभी अक्सर खुशी के खजाने को सबसे पहले गंवा देते हैं जबकि जानते भी हैं कि हल्के रह कर, हंसमुख बन, खुशी की खुराक खाकर, खुश रह कर और खुशी बांट कर, खुशहाल वातावरण बना कर इस खुशी के खजाने को बढ़ा सकते हैं। तभी तो कहते हैं कि जिंदगी जिंदादिली का नाम है, मुर्दा दिल क्या खाक जिया करते हैं! खुश रहने और खुश होने का अगर मकसद ढूंढते रहेंगे तो जिंदगी यूं ही कट जाएगी, बिना कारण, बेवजह,हर हाल में खुश रहने का मन बना ले तो जिंदगी अपने आप खुशहाल हो जाती है । ऐसे भी कहते हैं कि जो हाथ दूसरों की खुशियों के लिए उठते हैं, उनकी खुद की झोली कभी भी खाली नहीं रहती। किसी को खुश करने का मौका मिले तो छोड़िए मत, फ़रिश्ते होते हैं वो लोग जो दूसरों को खुशियां बांटते हैं।कलम के जादूगर कहलाने वाले महान साहित्यकार प्रेमचंद तस्वीरों में तो बड़े धीर गंभीर नजर आते हैं, लेकिन उन्हें नजदीक से जानने वाले लोग बताते थे कि वह बड़े हंसमुख और जिंदादिल व्यक्ति थे। उनकी हंसी तो किसी संक्रामक बीमारी की तरह फैलती थी, जो भी उनके संपर्क में आता,वह बगैर हंसे नहीं रह सकता था। एक बार की बात है उन्हें इलाहाबाद विश्वविद्यालय में बुलाया गया, वहां उन्हें साहित्य परिषद का अध्यक्ष बनाया गया था और उसके आयोजन में वो आए थे। आमतौर पर अध्यक्ष की उपस्थिति माहौल को थोड़ा भारी बना देती है, लेकिन प्रेमचन्द के सभा में पहुंचते ही हंसी मज़ाक शुरू हो गया, थोड़ी ही देर में वहां कहकहे बरसने लगे। हिंदी के प्रमुख लेखक कन्हैयालाल मिश्र भी वहां थे तो उनके जानकर खड़े हुए और प्रेमचंद से मुखातिब हो कहने लगे, 'मुंशी जी, मैंने आपकी तकरीबन सारी रचनाएं पढ़ी है,मगर उन रचनाओं के बारे में नहीं, आपके बारे में जानना चाहता हूं,आपकी सबसे बड़ी अभिलाषा क्या है?' हंसी ठहाकों के बीच ही प्रेम चंद बोले, 'मेरी सबसे बड़ी ख्वाहिश यही है कि खुदा मुझे मनहूसों से बचा कर रखें, मनहूसियत से मेरा दम घुटने लगता है।' महफ़िल में फिर ठहाके गूंजने लगे। एक अन्य प्रश्न जिसमें उनसे पूछा गया कि वो कब लिखते हैं, कैसे कागज़ और पेन से लिखते हैं? उन्होंने बड़े ही सरल भाव से कहा कि वो कभी भी लिख सकते हैं, फिर हंस कर बोले,भाई !, ऐसे कागज़ पर ,जिसपर पहले कुछ लिखा न हो और ऐसे पेन से, जिसकी निब न टूटी हो, फिर थोड़ा गंभीर होकर बोले, 'वैसे ये सब चोंचले हम जैसे क़लम के मजदूरों के लिए नहीं है!' ऐसे थे प्रेम चंद जो अपने को कलम के धनी की बजाय कलम का मजदूर कहते थे।

**-डॉ. कमलेश कली**

# कर्म का मर्म

## भारतीयों की सेवा

3 दिसंबर 1923 की घटना है। समय, सूर्योदय के पहले का था। वाघा रेलवे स्टेशन पर पंजाब मेल के रुकते ही प्रथम श्रेणी के डिब्बे में दो सिपाही घुसे। उनकी नजरें एक खद्दरधारी गोरे को तलाश रही थीं, जो आसानी से मिल गया। एक सिपाही ने उनसे कहा, 'आपको देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया जाता है। आपको हमारे साथ लाहौर पुलिस स्टेशन चलना होगा।' खद्दरधारी शख्स के पास साथ जाने के सिवाय कोई चारा नहीं था। उन्होंने चुपचाप इनके साथ चलना ही उचित समझा। पुलिस स्टेशन की औपचारिकता पूरी होने के बाद उन्हें लाहौर के मैजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। मैजिस्ट्रेट अंग्रेज था। नाम था एम.एल. फरार। उसने पहले से ही फैसला तैयार कर रखा था। गोरा होने के नाते एक अन्य गोरे से उसे कोई सहानुभूति नहीं थी। उसने कहा, 'आपको दस हजार रुपये अदालत में जमा करने होंगे। यह राशि अच्छे चाल-चलन की गारंटी होगी। बाद में आपका रवैया ठीक रहा तो फिर से गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। पैसा नहीं जमा करने पर छह महीने का कारावास।' सजा सुनने वाला यह खद्दरधारी कोई और नहीं, अमेरिकी नागरिक सैमुएल स्टोक्स थे। उन्होंने जुर्माना भरने से इनकार कर दिया। वह फिलाडेल्फिया से शिमला के कुष्ठ रोगियों की सेवा करने आए थे। जलियांवाला बाग हत्याकांड से आहत होकर वह गांधीवादी बने। 31 जुलाई 1921 को परेल, बॉम्बे में सार्वजनिक रूप से अपने कपड़ों की होली जलाई, खादी पहना और असहयोग आंदोलन में शामिल हुए। यह घटना बताती है कि अन्याय, अत्याचार और जुल्म के विरोध का जज्बा जाति, धर्म या राष्ट्र की सीमाएं नहीं देखता। इंसाफ का आग्रह इंसानियत का तकाजा है। सैमुएल स्टोक्स ने सिर्फ अंग्रेजों का विरोध ही नहीं किया। उन्होंने कोटगढ़ में गरीबों के लिए स्कूल खोला, किसानों की आर्थिक दशा सुधारने पर काम किया। उन्होंने जरूरतमंदों की सेवा को ही अपना धर्म माना।



# पिछले वर्ष की तुलना में 2023 में पराली जलाने के मामलों में लगभग 1200 की कमी : डॉ. ढींडसा

**पाठकपक्ष न्यूज**



**हिसार, 18 नवम्बर :** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक एवं जननायक चौधरी देवीलाल विद्यापीठ सिरसा के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा ने हरियाणा के कृषि विभाग के आंकड़ों को उद्धृत करते हुए कहा कि राज्य में पिछले 24 घंटों में पराली जलाने के 62 ताजा मामले दर्ज किए गए हैं, जो इंगित करते है कि किसानों द्वारा फसल अवशेष जलाना जारी है, जिससे कुल मामलों की संख्या 1940 हो गई है। हालाँकि, इस वर्ष यह संख्या पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में काफी कम है। 2022 में राज्य में 3,149 मामले दर्ज किए गए थे। डा. ढींडसा ने जिलेवार विवरण देते हुए बताया कि 461 मामलों के साथ, फतेहाबाद शीर्ष पर है और इसके बाद जींद (290), कैथल (260), अंबाला (185), कुरूक्षेत्र (151), करनाल (113), सिरसा (104) का नम्बर आता है। शेष जिलों में अवशेष जलाने के आंकड़े 100 से कम है। हिसार (89), यमुनानगर (87), सोनीपत (66), पलवल (57), रोहतक (36), पानीपत (20), झज्जर (13) में यह संख्या दो आंकड़ो तक सीमित रह गई जबकि फरीदाबाद (4) भिवानी (3), और पंचकुला (1), में पराली जलाने के मामले नगण्य थे। डा. ढींडसा ने कहा कि किसान भी समझता है कि पराली जलाना वायु की गुणवश्रा तथा भूमि के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, पर उसकी भी मजबूरी है क्योंकि उसे खेत में गेंहू की फसल की बिजाई करनी होती है । इसके लिए सरकार को पराली बांधने वाली और पराली उठाने वाली मशीनों की संख्या बढ़ानी होगी ताकि खेत जल्दी खाली हो सके।

# ऐतिहासिक धरोहर को नष्ट होने से बचाने के लिए भप्पी जैन ने उठाई मांग, प्रशासन कुंभकर्ण की नींद सोया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 18 नवम्बर :** ऐतिहासिक धरोहर बड़सी गेट पर अवैध रूप से होर्डिंग लगाने वालों की बाढ सी आ गई है। भप्पी जैन चायवाला ने प्रेस को जारी ब्यान मे बताया की हांसी नगर परिषद अधिकारी और स्थानीय प्रशासन को शहर मे बगैर अनुमति के थोक के भाव होर्डिंग लगाने वालों के खिलाफ कई बार शिकायत कर चुके है। लेकिन नगर परिषद अधिकारी और स्थानीय प्रशासन के कानों पर जूं तक नही रेंग रही है। स्थानीय प्रशासन व नगर परिषद अधिकारी जानकर अंजान बनकर गहरी कुंभकर्णी नींद मे लम्बीतान कर अपनी मस्ती मे सो रहे है। हांसी नगर परिषद और प्रशासन को शहर मे जगह जगह होर्डिंग लगने शहर की सुंदरता को खराब करने बारे होर्डिंग लगे रहने की जानकारी होने के बाद भी नगर परिषद द्वारा होर्डिंग्स को उतारा नही जा रहा है। इससे पता चलता है कि नगर परिषद और हांसी प्रशासन होर्डिंग्स लगाने वालो से मिलीभगत/सांठगांठ से होल्डिंग लगे हुए हैं। भप्पी जैन ने बताया राजनीतिक दल के नेताओं और गैर-राजनीतिक पार्टी नेताओं ने बड़सी गेट और शहर में बडे-बडे होर्डिंग लगाए हुए है। जिससे बड़सी गेट और शहर होर्डिंग से ढक गया है। पुरातात्विक महत्व की किसी स्मारक के आसपास होर्डिंग नही लगाए जा सकते है। उन्होंने कहां की अवैध होर्डिंग्स लगने से ऐतिहासिक बड़सी गेट और शहर की गरिमा खराब हो रही है। हांसी प्रशासन नगर परिषद एवं जिला प्रशासन होर्डिंग लगाने वालों पर कोई भी कार्रवाई किसी किस्म की नही कर रहा है। जिससे होर्डिंग्स लगाने वालों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। भप्पी ने कहा ऐतिहासिक बड़सी गेट और जगह-जगह शहर में बिजली के खंभों पर होर्डिंग लगने से वाहन चालकों का ध्यान भटकने से वाहनो की आपसी टक्कर हो जाती है। कई बार नौबत मार पिटाई तक आ जाती है जिससे वाहन चालकों के वाहन का संतुलन बिगड़ने से कई दुर्घटना के शिकार हो जाते है कई लोगों की जान भी जा चुकी है। उन्होंने कहा की हांसी नगर परिषद और स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत /सांठगांठ से शहर मे अवैध होर्डिंग्स लगाने वालों का धंधा खूब फलफूल



रहा है। भप्पी ने कहां हांसी शहर की ऐतिहासिक बड़सी गेट और शहर की सुंदरता को दाग लग रहा है। हांसी शहर के ऐतिहासिक स्थलों व विभिन्न जगह पर होर्डिंग स्वामियों ने अपने गिरते हुए जनाधार अपनी साख बचाने के लिए इस कदर होर्डिंग्स लगाने शुरू कर दिए हैं ताकि समाज में उनकी अच्छी खासी पहचान हो सके और लोग उनसे डरने लगे। बड़सी गेट पर बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाकर बड़सी गेट की ऐतिहासिक धरोहर को नष्ट करने की साज़िश के तहत होर्डिंग्स लगाए हुए हैं। हांसी प्रशासन और नगर परिषद में जागरूकता की कमी होने के कारण शहर होर्डिंग्स से अटा हुआ है। हांसी प्रशासन और नगर परिषद द्वारा लंबे समय से शहर में होर्डिंग्स हटाओ अभियान नहीं चलाया जा रहा है। भप्पी जैन ने जिला प्रशासन और नगर परिषद से मांग करते हुए कहां की हांसी शहर के अनेक बाजारों और बड़सी गेट बिजली के खंभों युनिपोल पर लगे होर्डिंग्स को तुरंत प्रभाव से उतरवाए जाएं और युनिपोल पर लगे अवैध तरीके से लगाए हुए होर्डिंग स्वामी से जुर्माना वसूल कर सरकारी खजाने में जमा करवाया जाएं। भप्पी ने कहा जगह जगह शहर में होर्डिंग लगाकर शहर की सुन्दरता खराब करने वालो के खिलाफ हांसी प्रशासन और जिला प्रशासन द्वारा सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाना सुनिश्चित करें। भप्पी ने कहां हांसी प्रशासन नगर परिषद और जिला प्रशासन में जागरूकता की कमी होने के कारण हांसी शहर की जनता मूलभूत सुविधाएं से जूझ रही है। लेकिन हांसी प्रशासन नगर परिषद जिला प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। हांसी प्रशासन नगरे परिषद जिला प्रशासन सत्ता की चादर ओढ़ कर कर आंखों पर पट्टी कानों में ठंडा तेल डालकर अपनी मस्ती में मस्त हैं। भप्पी ने कहां हांसी नगर परिषद में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। नगर परिषद में फैले भ्रष्टाचार के तार स्थानीय भाजपा विधायक से जुड़े हैं। भप्पी ने कहां हांसी शहर में आवारा पशु और अतिक्रमण की भरमार है नाले और नालियां गंदगी से अटी पड़ी है। हांसी प्रशासन और नगर परिषद और विधायक में जागरूकता की कमी के कारण हांसी शहर अपनी बदहाली पर खून के आंसू रो रहा है। हांसी प्रशासन नगर परिषद और स्थानीय भाजपा विधायक शहर की बदहाली का निदान न करवा सके तो जनता का मज़ाक़ भी नहीं उड़ाना चाहिए।


DHANWANTARI
Ayurvedic Centre
स्वस्थ भारत अभियान
- शुगर
- मोटापा
- बी.पी.
- कॉलस्ट्रोल
- जोड़ों का दर्द
- स्त्री रोग
- चमड़ी रोग
- पाचन रोग
- पुरूषत्व रोग
- सांस की एलर्जी
- नशे की आदत
- लीवर व किडनी रोग
- हृदय रोग
- एड्स
- थाईराईड
- घुटनों का दर्द
- नसों की ब्लोकेज
- बवासीर
- न्यूरो रोग



Lion Surinder Chhinda
DIAMOND
& Health Consultant

शराब छुड़वाने के लिए फ्री परामर्श
शराब, बीड़ी सिगरेट, तम्बाकु व हर प्रकार का भयानक नशा छुडाया जाता है
डेंगु बुखार में प्लेटलेट बढ़ाने की ब्रह्मास्त्र दवाई दी जाती है 100 प्रतिशत ईलाज
बिना दवाई के कैसे निरोग रहा जाए इसके लिए हैल्थ टिप्स दिए जाते हैं।
गुर्दे की पत्थरी का शर्तिया ईलाज बिल्कुल फ्री ईलाज कोई फीस नहीं ली जाती।
इन सभी बिमारियों के सम्पूर्ण ईलाज के लिए उच्च क्वालिटी की आयुर्वेदिक दवाईयां उपलब्ध है।
अगर सदा स्वच्छ रहना है तो पानी स्वच्छ व अच्छा होना चाहिए
आयूरजल आपको देगा पहाडो व झरनो जैसी अलग लाईन पानी के लिए सम्पर्क करें
हमारे यहां पर देसी गाय का 100% शुद्ध घी उचित रेटो पर उपलब्ध है।
M/s NAIRA HEALTH CARE
29, Kali Mata Mandir Road, Bank Colony, Hisar 125001 (Haryana)
M. 92155-82868



|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
Will be Closed on Tuesday
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art
राम
muse-II
Multi Designer Store
Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar
Mob.: 8607224444, 8222035555

# चंडीगढ़ एंड हरियाणा जर्नलिस्ट यूनियन की जिला फतेहाबाद इकाई ने रचा इतिहास

## फतेहाबाद में आयोजित इस एतिहासिक संगोष्ठी से पत्रकारिता को नया अयाम मिलेगाः देवेन्द्र बबली

## लेखनी में तथ्यों को प्राथमिकता दें आज का युवा पत्रकार : दुड़ाराम

- पत्रकारों ने देश की आजादी में अहम भूमिका निभाई : नापा
- प्रदेश के मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के हितों के लिए बहुत सी योजनाएं लागू की है : अशोक छाबड़ा
- डिजिटल युग में पत्रकारों की भूमिका बढ़ने लगी है : रामसिंह बराड़
- मौजूदा सरकार पत्रकारों की दशा सुधारने के लिए गंभीरता से काम कर रही है : तक्षक
- पत्रकारिता की राह आसान बनाने के लिए हरियाणा सरकार गंभीरता से प्रयास कर रही है : गोदारा
- निष्पक्ष पत्रकारिता को पूरा सम्मान मिलेगा : देवकुमार शर्मा
- पत्रकारिता का क्षेत्र कांटो से भरा, समस्याओं के समाधान के लिए गंभीर प्रयास जरूरी : भाटिया
- एक पत्रकार को अपनी साख व शिक्षा का ध्यान रखना होंगा : उप्पल
- प्रकाशित खबर पर अपनी सुविधानुसार टिप्पणी करने से पहले पहले सोचे : विष्णु नाढोड़ी
- फतेहाबाद जिले के पत्रकारो आज की तरह हमेशा सम्मान रहेंगा : सुनील सचदेवा
- पत्रकार सोनू बंसल युवा सम्पादक समाज का गौरव अवार्ड से सम्मानित





## पत्रकार देवेंद्र उप्पल हिसार, सुरेंद्र भाटिया सिरसा, जगदीश रावी, अमीर मदान, डा. कुमार कमल भास्कर, राज पराशर हिसार, भूपेंद्र पन्नीवाल सिरसा, जगतार सिंह तारी कालावाली वरिष्ठ पत्रकार समाज का गौरव अवार्ड से सम्मानित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**फतेहाबाद, 18 नवम्बर :** गत वीरवार को जाट धर्मशाला परिसर में स्थित मिड सिटी होटल 7 स्पाईसिस में चंडीगढ़ एंड हरियाणा जर्नलिस्ट यूनियन की फतेहाबाद ईकाई द्वारा राष्ट्रीय प्रैस दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में पत्रकारिता की दशा, दिशा व भविष्य को लेकर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक दुड़ाराम व विधायक लक्ष्मण नापा ने की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के मीडिया कोर्डिनेटर अशोक छाबड़ा, चंडीगढ़ एंड हरियाणा जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष स. रामसिंह बराड़ व चंडीगढ़ एंड हरियाणा जर्नलिस्ट यूनियन के चेयरमैन बलवंत तक्षक ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में चंडीगढ़ प्रैस क्लब के पूर्व अध्यक्ष नलिन आचार्य, भाजपा जिला प्रभारी देव कुमार शर्मा व संयुक्त निदेशक प्रैस सूचना जनसम्पर्क एंव भाषा विभाग से डा. साहिब राम गोदारा, अग्रवाल सभा के पूर्व प्रधान भाम्बा शाह देवीदयाल तायल, विनोद तायल, नगरपरिषद उपप्रधान सुविता-बिंटू टुटेजा, भूना नगरपालिका चेयरपर्सन अर्पणा-पंकज पसरीजा, शिवपुरी सभा प्रधान भीमसैन आनंद, पंचनद प्रोजेक्ट चेयरमैन राधाकृष्णा नारंग, चन्द्रभान मुंजाल, शिवपुरी सभा के वरिष्ठ उपप्रधान सतपाल अरोड़ा, समाजसेवी नेहा-सुरेन्द्र मित्तल, डा. अंशुल सहगल, विजय निर्मोही, सहकारी बैंक चेयरमैन नरेश टीटू, आत्माराम कसाना डीपीआरओ, विशाल टीवी केयर से भीमसैन असीजा, विनोद बबली, द्वारका प्रसाद एडवोकेट, शक्ति फाउंडेशन भटटू से सुयश पाल डूडी, भटटा एसोसिएशन से पवन गर्ग सहित शहर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया और पत्रकारों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम की शुरूआत पंचायत एवं विकास मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली, विधायक दुड़ाराम, विधायक लक्ष्मण नापा, अशोक छाबड़ा, रामसिंह बराड़, बलवंत तक्षक, डा. साहिब राम गोदारा, सुनील सचदेवा आदि ने दीप प्रज्जवलित कर की। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यातिथि देवेन्द्र सिंह बबली ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताया और फतेहाबाद इकाई की जमकर सराहना की। देवेन्द्र बबली ने कहा कि लोकतंत्र के इस चौथे स्तम्भ की समाज में अहम भूमिका है। उन्होंने पत्रकारों को एक आईना बताते हुए कहा कि पत्रकार सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाता है और समाज एंव क्षेत्र को बेहतर बनाने के लिए जरूरी सुझाव सरकार तक पहुंचाने का काम करता है। श्री बबली ने पत्रकारों को टैक्नोलॉजी के इस दौर में ईमानदारी की पत्रकारिता करने पर जोर दिया। उन्होंने अपने संबोधन में चंडीगढ़ एंड हरियाणा जर्नलिस्ट यूनियन की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पहली ऐसी प्रदेश स्तरीय यूनियन देखी है जो पत्रकार सदस्यों को मुफ्त जीवन बीमा पॉलिसी उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने इस संगोष्ठी के आमंत्रण के लिए फतेहाबाद यूनिट का आभार जताया और पत्रकारों के समक्ष आ रही चुनौतियों को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

विधायक दुड़ाराम ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता हमेशा से ही चुनौतियों का विषय रहा है। उन्होंने कहा कि युवा पत्रकारों को जिम्मेवारी समझकर तथ्यों के आधार पर पत्रकारिता करनी चाहिए, इससे खबर का इम्पैक्ट अच्छा आता है। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा पत्रकारों के लिए किए जा रहे कार्यो की सराहना की।

विधायक लक्ष्मण नापा ने कहा कि जबसे भाजपा सरकार सत्ता में आई है तभी से पत्रकारों के हित में विभिन्न योजनाएं लागू हुई है और आगे पत्रकारों की मांगों को सदन में भी उठाया जाएगा।

मुख्यमंत्री के मीडिया कोर्डिनेटर अशोक छाबड़ा ने सरकार द्वारा पत्रकारों के लिए लागू की गई पेंशन एवं स्वास्थ्य योजना आदि बारे बताया। श्री छाबड़ा ने बताया कि मौजूदा कार्यकाल में पत्रकारों को मान्यता दिलवाने के मामले में हरियाणा अपने पड़ौसी राज्यों से कहीं आगे है।

चंडीगढ़ एंड हरियाणा जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष स. रामसिंह बराड़ ने वहां मौजूद सभी पत्रकारों को 57वें राष्ट्रीय प्रेस दिवस की बधाई दी और इस सफल कार्यक्रम के लिए सुनील सचदेवा की पीठ थपथपाई। श्री बराड़ ने पत्रकारों की पेंशन योजनाओं आदि बारे मुख्यमंत्री का आभार जताया और पत्रकारिता में आ रही विभिन्न चुनौतियों को विस्तार से बताया।

चंडीगढ़ एंड हरियाणा जर्नलिस्ट यूनियन के चेयरमैन बलवंत तक्षक ने पत्रकारों को सच्चाई की राह नहीं छोड़ने की सलाह दी और अपनी जिंदगी के अनुभव सांझा किए। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल व उनके मंत्रिमंडल की तारीफ करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार के पत्रकारों के प्रति सकारात्मक रवैय से निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता को बल मिलेगा।

संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए पल-पल सिरसा के सम्पादक सुरेन्द्र भाटिया ने पत्रकारिता को कठिनाईयों से भरी राह बताया और पत्रकारों को अपने पथ से ना डगमगाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता एक ऐसी चुनौती है जिसे शालीनता और तथ्यों के माध्यम से ही इसकी गरिमा को बचाया जा सकता है।

हिसार के वरिष्ठ पत्रकार पाठकपक्ष दैनिक के संस्थापक संचालक देवेंद्र उप्पल ने कहा कि एक पक्षीय समाचार का प्रकाशन नही होना चाहिए। पत्रकारिता के क्षेत्र में विश्वनीयता बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा सरकार को विज्ञापन देते समय ध्यान रखना चाहिए, एक समाचार पत्र को करोड़ो रूपये के विज्ञापन मिल रहे है। छोटे समाचार पत्रों को बड़े अखबारों तर्ज पर अच्छे विज्ञापन मिलने चाहिए।

भाजपा के जिला प्रभारी देव कुमार शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में पत्रकारों के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पत्रकारों के लिए और भी बहुत सी सकारात्मक योजनाएं लाने पर विचार कर रहे है जिससे पत्रकारों की स्वतंत्र लेखनी को बल मिलेगा।

सूचना जनसम्पर्क एंव भाषा विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर डा. साहिब राम गोदारा ने सरकार द्वारा पत्रकारों के अधिकारों व हितों को लेकर लागू की गई योजनाओं बारे विस्तार से बताया। उन्होंने बताया सूचना, व जनसम्पर्क विभाग हरियाणा पत्रकारों द्वारा रखी जा रही मांगों पर गंभीरता से अमल कर रहा है। पत्रकारों को बहुत सारी सुविधाए प्रदान की जा चुकी है व बहुत सारी समस्याओं का भविष्य में समाधान होने वाला है।

इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के सूत्रधार व चंडीगढ़ एंड हरियाणा जर्नलिस्ट यूनियन के जिला प्रधान सुनील सचदेवा ने पत्रकारों को सकारात्मक पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं बारे विस्तार से बताया और इस क्षेत्र में आ रही चुनौतियों बारे अवगत करवाया।

हिसार के वरिष्ठ पत्रकार देवेन्द्र उप्पल सभी पत्रकारों को प्रैस दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज फतेहाबाद में आयोजित संगोष्ठी में इतने पत्रकारों को एक साथ एक मंच पर देखकर मन गद्‌गद् हो गया जिसके लिए फतेहाबाद यूनिट बधाई की पात्र है।

दैनिक भास्कर के रिर्पोटर विष्णु नाढोड़ी ने प्रैस दिवस समारोह में स्वागत भाषण करते हुए मुख्य अतिथि पंचायत व विकास मंत्री देवेंद्र बबली, फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम,रतिया के विधायक लक्षमण नापा का स्वागत करते हुए कि प्रैस दिवस पर आयोजिव संगोष्ठी का विषय पत्रकारिता की दशा, दिशा व भविष्य है। यह एक गंभीर मंथन व चर्चा का विषय है। एक दिन के आयोजन में चर्चा मात्र से इस विषय का सार्थक नही किया जा सकता। पिछले सात-आठ सालों से सरकारों ने राजनेताओं ने पत्रकारों की सुध लेने के प्रयास शुरू कर दिए है। उन्होंने कहा कि एक पत्रकार को खबर लिखते समय सीाी तथ्यों को ध्यान में रखने होता है। खबर छपने के बाद वह किसी को अच्छी लगती किसी को अच्छी नही लगती। हर कोई अपनी सुविधा के अनुसार प्रतिक्रिया देता है। यह परम्परा गलत है। कोई टिप्पणी करेने से पहले पत्रकार की साख को उसकी नीयत को देख कर करना चाहिए। विष्णु नाढोड़ी ने कहा फतेहाबाद क्या हरियाणा के इतिहास में प्रैस दिवस पर ऐसा आयोजन नही हुआ जो फतेहाबाद में हुआ है।

प्रैस दिवस समारोह में पत्रकारिता के क्षेत्र में 40 से ज्यादा वर्ष पूरे कर चुके वरिष्ठ पत्रकारों देवेंद्र उपप्ल हिसार, सुरेंद्र भाटिया सिरसा, जगदीश रावी, अमीर मदान व डा. कुमार कमल भास्कर फतेहाबाद को सम्मानित किया गया। समारोह में पत्रकारों राज पराशर हिसार, भूपेंद्र पन्नीवाला सिरसा, जगतार सिंह तारी कालावाली को भी सम्मानित किया गया। फतेहाबाद के युवा उत्साही पत्रकार सोनू बंसल को युवा सम्पादक समाज का गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया।

समाजिक व धार्मिक क्षेत्र में लगातार अपना अहम योगदान कर रहे समारोह के विशिष्ट अतिथियों विनोद तायल प्रदेश प्रभारी श्री कृष्ण प्रणामी गौ सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट, चंद्रभान मुंजाल मुंजाल रबड़ इंडस्ट्रीज, पवन गर्ग भटठा व्यवसायी, सुरेंद्र- नेहा मित्तल, नगर परिषद फतेहाबाद की वाईस चैयरमैन सविता-बिंटू टूटेजा, शिवपुरी सभा के प्रधान श्री भीमसैन आनंद, सहकारी बैंक के चैयरमैन नरेश टीटू, हुमन हैल्पिंग हार्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक चोपड़ा को सम्मानित किया गया।

समारोह के अंत में मुख्य अतिथि देवंद्र सिंह बबली, समारोह अध्यक्ष दुड़ाराम व लक्षमण नापा, मुख्य वक्ता अशोक छाबड़ा, स. राम सिंह बराड़, बलवंत तक्षक,, श्री देव कुमार शर्मा, नलिन आचार्यख डा. साहिबराम गोदारा को स्मृति चिंह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन पत्रकार सुशील बंसल ने किया।

फतेहाबाद जिले में आयोजित अपनी तरह के इस पहले कार्यक्रम की शोभा देखते ही बनती थी। जिसमें फतेहाबाद जिले से 112 के लगभग पत्रकारों सिरसा जिले के 15 के लगभग पत्रकारों हिसार से 7 पत्रकारो ने भाग लिया। इस मौके पर यूनियन एवं आए हुए अतिथियों ने वरिष्ठ पत्रकारों व समाज सेवियों को शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा चंडीगढ़ एंड हरियाणा जर्नलिस्ट यूनियन के सदस्यों को 10-10 लाख की जीवन बीमा पॉलिसी के साथ पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में यूनियन के सदस्यों ने आए हुए सभी अतिथियों व टोहाना, रतिया, जाखल, भूना, कुलां, भटटकलां,, सिरसा, हिसार व कैथल से आए हुए पत्रकारों का आभार जताया।

# मैनवल सैक्रैजिंग सतर्कता व निगरानी समिति की बैठक आयोजित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** अतिरिक्त उपायुक्त नीरज की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित सभागार में जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 व नियम 1995 के तहत दर्ज केसों पर विचार-विमर्श किया गया।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि इस अधिनियम के अनुसूचित जाति के व्यक्तियों पर अत्याचार के मामलों में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसमें अपमानित करना, क्षति पहुंचाना, भूमि पर अनाधिकृत कब्जा, कत्ल, डकैती, बलात्कार व नरसंहार, चल अचल संपति का नुकसान, स्थाई/अस्थाई अपंगता आदि घटित होने पर सहायता प्रदान की जाती है। इस स्कीम के तहत विभिन्न प्रकार के अत्याचार होने पर अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम 1989 व नियम 1995 के सैक्शन 3 नियम 12 (4) के तहत राहत राशि के लिए मापदंड अनुसार 85 हजार रुपये से लेकर 8.25 लाख रुपये तक की राशि ऐसे मामलों में प्रदान की जाती है, जिनकी एफआईआर अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार अधिनियम) 1989 के तहत दर्ज की गई हो।

अतिरिक्त उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अनुसूचित जाति व जनजाति पर अत्याचार से संबंधित मामलों में पीड़ित व्यक्तियों को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने पुलिस विभाग व संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी तालमेल स्थापित कर जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति के तहत दर्ज मामलों पर गंभीरता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए ताकि दर्ज केसों का शीघ्र निपटान किया जा सके और पीड़ितों को न्याय मिल सके।

**मैनवल सैक्रैजिंग सतर्कता कमेटी की बैठक में अधिकारियों को दिए गए निर्देश**

अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने जिला स्तरीय मैनवल सैक्रैन्जिंग सतर्कता कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि अधिनियम स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सीवर या सेपटिक टैंक की मैनवल सफाई को निषेध करता है तथा ऐसी कम्पनी/संस्थाएं जो ये कार्य करवाती है वे इस अधिनियम की धारा 23 (1) के तहत दोषी मानी जाती है। इस अधिनियम के तहत अपराध गैर जमानती होता है तथा सेक्शन 6 के तहत दो साल की जेल हो सकती है। इसमें किसी भी जाति से संबंधित सफाई कर्मचारी या सेनेटरी कार्यकर्ता कवर होते है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार यदि किसी सफाई कर्मचारी की सीवर सफाई के दौरान मृत्यु हो जाती है तो उसके आश्रितों को 10 लाख रुपयें की वित्तीय सहायता देनी होगी। यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु वर्ष 1993 के बाद सीवर सफाई के तहत हुई है तथा इस सत्य को छिपाया गया है तो यह कोर्ट के आदेशों की अवहेलना होगी। सभी प्रकार के सफाई कर्मचारियों को अपना व्यवसाय चलाने हेतू अनुसूचित जाति वित एवं विकास निगम से आसान शर्तो पर ऋण दिलाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित विभाग द्वारा नगर निगम व सभी नगरपालिकाओं में सफाई कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर उनके स्वास्थ्य की जांच करवाई जाए और रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इसके साथ ही सीवरेज की सफाई करने वाले कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध करवाए जाए।

बैठक में जिला कल्याण अधिकारी दीपिका सारसर, डीएसपी अशोक कुमार, मानव रक्षा सेवा समिति के अध्यक्ष हवा सिंह चहल व कमेटी सदस्य कर्मवीर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# वानप्रस्थ संस्था ने 50- टी. बी. ग्रस्त रोगियों को बाँटी पौष्टिक आहार की चौथी क़िस्त

## ज़िला स्वास्थ्य विभाग ने हरियाणा को टी बी मुक्त बनाने में सहयोग के लिए वानप्रस्थ संस्था का आभार जताया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** वानप्रस्थ सीनियर सिटीज़न क्लब ने सूर्यानगर के झोपड़-पट्टी बस्ती में 50- टी.बी ग्रस्त रोगियों को प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार किट्स की आज चौथी क़िस्त बांटी। क्लब के अपर महासचिव डॉ. मनवीर ने बताया कि प्रधानमंत्री निश्चय मित्र योजना के अंतर्गत वानप्रस्थ संस्था अगस्त -2022 से टी.बी. ग्रस्त रोगियों को प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार किट्स बाँट रहा है। अब अगस्त - 2023 से 50- नए टी. बी मरीज़ों को प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार क्लब के सदस्य हर महीने टी. बी. हस्पताल एवं आंगनबाड़ी के अधिकारियों के सहयोग से स्वयं जाकर मरीज़ों को किट्स बाँटते हैं। पौष्टिक आहार लेने वालों में टी बी रोगी सात वर्षीय सोनिया एवं 72-वर्षीय श्रीमती सरला देवी भी शामिल थी। क्लब के सदस्य डॉ. श्रीमती सुनीता बहल, डॉ. इन्दु गहलावत एवं डॉ. मंजु महत्ता ने प्रत्येक महिला टी. बी. रोगी के साथ व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और उनके स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्हें सही ढंग से नियमित रूप से दवाई और पौष्टिक आहार खाने के लिए प्रेरित किया ताकि वह जल्दी ठीक हो जाए। वहीं डॉ. मनवीर, डॉ. सुरेंद्रमोहन बहल ने पुरुष मरिज़ों से बातचीत करके दवाई और आहार के महत्व के बारे समझाया। रोगियों ने बताया कि दवाई और उचित ख़ुराक लेने से वह पहले से ठीक महसूस कर रहे हैं और उनके वज़न में भी बढ़ोतरी हुई है। टीबी हस्पताल से आए श्री मनदीप ने टी.बी. रोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री निश्चय - मित्र योजना के अन्तर्गत देश को 2025 तक टी बी मुक्त बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि दवाई



और उपयुक्त पौष्टिक आहार लेने से आप की रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ेगी और आप जल्दी स्वस्थ हो जाएंगे। उन्होंने मरीज़ों को समझाया कि घर पर अपने बर्तन अलग रखें और खांसी आने पर अपने मुँह पर कपड़ा बांध लें ताकि घर के और सदस्य इस रोग से बचे रहें। अगर किसी को घर में बीमारी के लक्षण नज़र आते है तो तुरंत हस्पताल आकर टेस्ट करवाएँ। इस प्रोग्राम में हर मरीज़ को छः मास के लिये हर मास दो- डिब्बे प्रोटीन पाउडर, एक किलो गुड़, एक किलो भुने हुए चने, एक किलो काले चने, एक किलो बेसन, दो पैकेट न्यूट्रेला और हाथ धोने के लिए दो साबुन दिये जाते हैं। इस अवसर पर टी. बी चैमियन 40- वर्षीय श्रीमती रंजना एवं 30- वर्षीय राजवन्त को विशेष रूप से आम्त्रिंत किया गया। श्रीमती राजवन्त ने बताया कि 2021- में उसका धीरे-धीरे वज़न कम होने लगा और 3-4 मास में 6-7 किलो वज़न कम हो गया और बुख़ार भी रहने लगा। टी बी हस्पताल से टेस्ट करवाने से मालूम हुआ कि उसे पल्मोनरी टीबी (pulmonary TB ) है। राजवंत ने छः मास तक सही ढंग से दवाई और पौष्टिक आहार का सेवन किया। अब वह पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। अब वह टी बी चैंपियन के रूप में सुपोर्ट टी बी सरवाईवल नेट वर्क, हरियाणा (support TB survival Net work, Haryana) एंजियो के साथ जुड़े हुई हैं और टी बी मरीज़ों को समय पर दवाई और सही ख़ुराक लेने के लिए प्रेरित करते हैं। उनके साथ 30- टी बी चैम्पियन जुड़ चुके हैं। यह चैंपियन समय समय पर मरीज़ों से संपर्क करके उनको उचित परामर्श देते रहते हैं।

इस अवसर पर डॉ. रत्ना भारती, चीफ मेडिकल ऑफिसर, हिसार ने अपने संदेश में निःस्वार्थ भाव से टी बी रोगियों को पौष्टिक आहार दे कर टीबी उन्मूलन में स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा का सहयोग करने के लिए वानप्रस्थ संस्था का आभार प्रकट किया। क्लब के अपर-महासचिव डॉ. मनवीर ने कहा वानप्रस्थ संस्था भविष्य में भी इस अभियान मे सहयोग देता रहेगा। वानप्रस्थ संस्था समाज के ज़रूरतमंदों की सेवा के लिए सदैव कटिबद्ध है।

इस अवसर पर डॉ. मंजु महत्ता और डॉ. आर एस सिहाग ने दो - दो टी. बी. रोगियों को छः मास के लिये गोद लिया।

इस अवसर पर टी. बी. हस्पताल की ओर से श्री मनदीप, श्रीमती बलकेश कालीरमन - पी. पी. कॉर्डिनेटर और

श्री ओम प्रकाश वर्मा, और आंगन बाड़ी के सदस्य अंजू, अनीता, आशा, सुनीता, शर्मिला, कैलाश, मीना एवं बँटी ने भाग लिया।

# राष्ट्रीय प्रैस दिवस पर चंडीगढ़ में हुआ वेबिनार का आयोजन

## मानव जीवन में सांसों के महत्व की तरह लोकतत्र में मीडिया का महत्व व उपयोगिता होती है : नरेश चौहान

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 18 नवम्बर :** मानव जीवन में जो स्थान सांसों का है लोकतंत्र रूपी शरीर में वही स्थान प्रेस का है। सांसों के प्राकृतिक प्रवाह को यदि रोकने का प्रयास किया जाता है तो शरीर में विकार पैदा हो सकता है जो कभी-कभी जानलेवा भी साबित होता है। इसी भाव को ध्यान में रखते हुए, उपरोक्त विचार गत सांय चंडीगढ़ में आयोजित हुए एक वेबिनार में हरियाणा के रेवाड़ी शहर से गत 45 वर्षों से पत्रकारिता करने वाले जनसत्ता फेम के वरिष्ठ पत्रकार नरेश चौहान ने प्रकट किए। उन्होंने कहा कि 16 नवंबर 1966 को भारत में प्रेस काउंसिल आफ इंडिया की स्थापना हुई, जिसका मुख्य कार्य प्रेस की स्वतंत्रता, निष्पक्षता और उपयोगिता के साथ साथ प्रेस की प्रोटेक्शन का भी भार है। प्रेस काउंसिल आफ इंडिया की स्थापना दिवस को ही राष्ट्रीय प्रेस दिवस के रूप में मनाया जाता है। हरियाणा का गठन भी 1 नवंबर 1966 को हुआ हरियाणा के मीडिया जगत के लिए यह संयोग और गौरव की बात है। आज डेढ़ साल से बिमारी में डायलिसिस पर चल रहे श्री अरुण जौहर, 70 वर्षिय वरिष्ठ पत्रकार, चंडीगढ़ ने इस वेबीनार के माध्यम से जो राष्ट्रीय प्रेस दिवस को मनाने का निर्णय लिया, निश्चित रूप से इस भाव को सार्थक करता है कि उनके अंदर जो प्रेस का जुनून है, जिसने हमें इस वेबीनार में शामिल होने के लिए प्रेरित किया और स्वयं भी अस्वस्थ होते हुए अपनी प्रेस भावनाओं को व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया, वह अरुण जौहर की अद्भुत इच्छा-शक्ति का प्रमाण ही तो है। श्री चौहान ने आगे कहा कि प्रेस काउंसिल ऑफ़ इंडिया को अपनी स्वायत्तता, निष्पक्षता निद्रता और प्रभावी भूमिका निभाते रहना चाहिए, जो न केवल लोकतंत्र के लिए आवश्यक है बल्कि भारत की स्वाधीनता, अखंडता और सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए भी हितकारी है। उन्होंने आज इस अवसर पर सभी देशवासियों को, विशेष कर हरियाणा मीडिया को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर लेखक और पत्रकार तथा 'गुस्ताखी माफ़ हरियाणा' के संपादक पवन कुमार बंसल ने कहा कि हरियाणा में पचास वर्ष पत्रकारिता करने और तीन किताब लिखने के बावजूद आज उन्हे पत्रकार कहलवाने में शर्म महसूस होती हैं, क्योंकि आजकल पत्रकार अपना फ़र्ज़ नहीं निभा रहे। हरियाणा में प्राकृतिक साधनों को नेताओं ओर अफसरों का नापाक गठबंधन इस बेशर्मी से लौट रहा है कि गजनी को भी शर्म आए द्य लेकिन अखबारों में कोई खबर नहीं दिखती। इस वेबनार में अजमेर, जयपुर व जोधपुर से प्रकाशित होने वाले दैनिक समाचारपत्र नगर प्रभा के सम्पादक हुकुम गौर्ड ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर अपने विचार रखे। वरिष्ठ पत्रकार बलवंत तक्षक जो प्रेस क्लब चंडीगढ़ के लंबे समय तक अध्यक्ष भी रहे, ने इस वेबनार में मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखते हुए कहा करते कि हिसार शहर से निरंतर 66 वर्षों तक सकारात्मक सोच की जूझरू पत्रकारिता करने वाले कामरेड सही राम जौहर का स्मरण करते हुए, राष्ट्रीय प्रेस दिवस की प्रासंगिकता को रेखांकित किया कि किस प्रकार सन 1942 से लेकर 2008 तक कामरेड सही राम जौहर ने देसी-विदेशी शासको के आगे पत्रकार की कलम को ना कभी झुकने दिया और ना कभी रुकने दिया। श्री तक्षक ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर प्रेस काउंसिल आफ इंडिया को अपनी निष्पक्षता, स्वायत्तता बनाए रखना की नसीहत देते हुए मीडिया जगत को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# भाजपा के पास विकास की गारंटी और कांग्रेस के पास भ्रष्टाचार की गारंटी : कुलदीप बिश्नोई





**पाठकपक्ष न्यूज**

**बीकानेर, 18 नवम्बर :** भारतीय जनता पार्टी के चुनाव सह प्रभारी और स्टार प्रचारक कुलदीप बिश्नोई के राजस्थान में तुफानी दौरे जारी हैं। गत शुक्रवार को उन्होंने बीकानेर पूर्व, नोखा और नागोर में पार्टी प्रत्याशियों के लिए प्रचार अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने अनेक राजनीतिक और सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत करते हुए भाजपा को जिताने का आह्वान किया। इस दौरान चुनाव सह प्रभारी कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि पांच साल से राजस्थान के विकास और विजन को मोतियाबिंद हो रखा है, इसलिए अब हमे लैंस बदलना है ताकि मोदी जी के विजन और विकास को वीरों की इस धरती पर उतारा जा सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास राजस्थान के विकास को लेकर कोई विजन ही नहीं है। यही कारण कि अशोक गहलोत साम्राज्य के अंतिम बादशाह की तरह यही बोल रहें हैं यह दे दूंगा, वो दे दूंगा, मुझे वोट देना। उन्होंने कहा कि आज राजस्थान की जनता विकास की गारंटी मांग रही है, लेकिन कांग्रेस के पास इसको लेकर कोई गारंटी नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास गारंटी केवल भ्रष्टाचार और घोटालों की है। इसलिए आज राजस्थान की जनता भ्रष्टाचार और घोटालों की सरकार को चलता करने का मन बना चुकी है। चुनाव सह प्रभारी कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि भाजपा का एजेंडा केवल विकास है और इसकी गारंटी स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान की जनता को दे रहे हैं। इसलिए राजस्थान की जनता कांग्रेस के झूठे वायदों की बजाय विकास के लिए भाजपा को वोट देकर सत्ता में लाने का काम करे। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार के काले कारनामे लाल डायरी के पन्नों में दर्ज हैं और इसके बारे में राजस्थान की जनता भी जान गई है। इसलिए राजस्थान की जनता उनको दोबारा सत्ता में लाने की भूल नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार ने भर्ती घोटालों से प्रदेश के युवाओं के भविष्य पर चोट मारने का काम किया है। इसलिए प्रदेश का युवा अब वोट की चोट से कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता केवल विकास और रोजगार चाहती है, जो केवल भाजपा सरकार ही दे सकती है। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार ने राजस्थान को बर्बादी की कगार पर पहुंचा दिया है, जिसके कारण आज राजस्थान की जनता कांग्रेस सरकार से छुटकारा पाना चाहती है।

# आरक्षण के नाम पर भाजपा ने हमेशा वोट की राजनीति करके युवाओं से किया खिलवाड़ : एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** राज्य में निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण के कानून को हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा रद्द किए जाने के संदर्भ में हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि इस मामले में सरकार ने ढुलमुल रवैया अपनाया है। भाजपा ने आरक्षण देने के नाम पर वोट हथियाने के लिए हमेशा युवाओं के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि दरअसल भाजपा-जजपा हरियाणा के युवाओं को आरक्षण देना ही नहीं चाहते। आरक्षण उनके लिए मात्र चुनावी स्टंट है। इसलिए भाजपा-जजपा ने हाईकोर्ट में आरक्षण के मामले को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने बताया कि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने शुक्रवार को निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण के मामले में सरकार को बड़ा झटका देते हुए रद्द कर दिया है। गौरतलब है कि यह भाजपा-जेजेपी का बड़ा चुनावी वादा था। सरकार ने वादा किया गया था कि प्राइवेट नौकरियों में 75 फीसदी हरियाणवी युवाओं को आरक्षण मिलेगा। इस प्रावधान के तहत निजी सेक्टर की कंपनियों में 75 फीसदी हरियाणा के निवासियों को नौकरी देने का नियम था। बाकी 25 फीसदी नौकरी भारत के सभी राज्यों के लिए थी। हरियाणा सरकार ने स्टेट एंप्लॉयमेंट ऑफ लोकल कैंडिडेट एक्ट 2020 बनाया था, जिसमें तय किया कि निजी कंपनियों, सोसाइटी, ट्रस्ट, साझेदारी फर्म समेत ऐसे तमाम निजी सेक्टर में हरियाणा के युवाओं को नौकरी में 75 फीसदी रिजर्वेशन देना होगा। हालांकि इससे पहले भी तय किया गया था कि रिजर्वेशन सिर्फ उन्हीं निजी संस्थानों पर लागू होगा, जहां 10 या उससे ज्यादा कर्मचारी नौकरी कर रहे हों और वेतन 30 हजार रुपए प्रतिमाह से कम हो। इस मामले में वर्ष 2021 में श्रम विभाग ने नोटिफिकेशन भी जारी किया था कि हरियाणा में निजी कंपनियों में हरियाणा के मूल निवासियों को 75 फीसदी नौकरियां देनी होंगी। इसके बाद इस कानून के खिलाफ कई बड़ी प्राइवेट कंपनियों ने सरकार के इस फैसले को हाईकोर्ट में चैलेंज किया था। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने सरकार की इस नाकामी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा-जजपा हमेशा वोट की राजनीति करती है। इन्हें हरियाणा और यहां के युवाओं के भविष्य से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे इन पार्टियों की सच्चाई जनता के सामने आ रही है और जनता आने वाले लोकसभा चुनाव व हरियाणा विधानसभा चुनाव में अवश्य सबक सिखाएगी।

## ओएसजीयू में राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर सेमिनार का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल जोकि स्वंय ही चिकित्सा जगत से जुड़े रहे हैं, के सानिध्य में राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन किया गया। उन्होनें बताया कि खाद्य पदार्थो का उचित सेवन शरीर को निरोगी रखता है। सेमिनार का विषय 'समग्र स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक चिकित्सा' रहा। सेमिनार का उद्देश्य स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए आहार कैसा हो व प्राकृतिक चिकित्सा के लाभों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी प्रदान करना रहा। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एन. पी. कौशिक, प्रति-कुलपति डॉ अजय पोदार ने सभी को राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस की बधाई देते हुए शुद्ध और संतुलित आहार लेने की सलाह दी। मुख्य प्रवक्ता डॉ शयोनंद (सीएमओ, लाहोरिया नेचुरोपैथी सैंटर, हिसार) ने सेमिनार में कहा कि यह दिन राष्ट्र में प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। हमें रसायनिक दवाओं के इस्तेमाल की बजाय प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाने के लिए सूर्य, मिट्टी और जल का सहारा लेना चाहिए। उन्होने योग के महत्व को बताते हुए अच्छे स्वास्थ्य के लिए जीवन में योग को अपनाने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्होने प्राकृतिक चिकित्सा की विशेषताओं और इसमें आने वाली कठिनाइयों के बारे में बताते हुए विद्यार्थियों का उचित मार्गदर्शन किया। सेमिनार के अंतिम पड़ाव में विद्यार्थियों के बीच डिबेट और चिकित्सीय गतिविधि करवायी गई। सेमिनार का प्रबंधन डॉ. एन. पी. गिरी, डीन योगा एंड न्यूचरोपैथी के नेतृत्व में किया गया।


प्रिंटिंग के लिए संपर्क करें

स्कूल की डायरी, कलर इश्तिहार, बड़े पोस्टर, मैगजीन, न्यूज़ लेटर तथा संस्था का अखबार आदि

प्रिंट करवाने के लिए संपर्क करें :

SHYAM KUMAR

M.: 9255273410

E-Mail Id :- dailypathakpaksh@yahoo.in

कार्यालय

दैनिक पाठकपक्ष

33-S Model Town Market, Hisar


# एचएयू में दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव-2023 का हुआ शुभारंभ









**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने शुक्रवार को कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के सौजन्य से चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव-2023 का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव हरियाणा में विलुप्त होती लोककला को संजोने के लिए एक सकारात्मक पहल है। महोत्सव का आयोजन प्रत्येक वर्ष प्रतिभाशाली युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करने के लिए किया जाता है। किसी भी राष्ट्र का भविष्य एवं प्रगति युवाओं की प्रतिभा पर निर्भर करती है। सरकार द्वारा युवाओं के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्रभावशाली ढंग से शुरू किया गया है। महोत्सव में युवाओं की लोक गीत, पोस्टर मेकिंग, कहानी लेखन तथा सांस्कृति कार्यक्रम (लोक नृत्य) की प्रतियोगिता करवाई जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं में 390 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन लोक नृत्य, समूह नृत्य, लोकगीत, पोस्टर मेकिंग, कहानी लेखन व फोटोग्राफी प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले युवाओं को समापन अवसर पर नगद राशि एवं प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की प्राचार्या प्रेम किरण, जिला युवा समन्वयक अधिकारी रेखा ऊबा, रीतू, दीपक कुमार, ललित कुमार सहित कॉलेज व अन्य शिक्षण संस्थाओं के स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## मिशन कर्मयोगी के तहत अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया जाएगा नैतिक व्यवहार, मूल्यों और सिद्धांतों का प्रशिक्षण



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा आरंभ किए गए मिशन कर्मयोगी के तहत जिले के अधिकारियों व कर्मचारियों को शासन में नैतिक व्यवहार, मूल्यों और सिद्धांतों के महत्व पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान द्वारा चलाया जाएगा। इस संबंध में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक भी आयोजित की गई। इस बैठक में मिशन कर्मयोगी के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके उपरांत अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि शासन/प्रशासन की विभिन्न भुमिकाओं में नैतिकता का होना बेहद जरूरी है और इस कार्य में सरकारी अधिकारी व कर्मचारी बेहद अहम कड़ी है। मिशन कर्मयोगी के माध्यम से अधिकारियों व कर्मचारियों के कौशल और दक्षताओं को बढ़ाने की दिशा में भी व्यापक कदम उठाए जाएंगे।कार्यक्रम की सफलता को सुनिश्चित करने के लिए जिले में प्रशिक्षकों व नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति कर दी गई है। मास्टर ट्रेनर हिपा, हरियाणा पुलिस अकादमी जैसे प्रशिक्षण संस्थानों में स्वयं भी प्रशिक्षण लेंगे।

## बिश्नोई सभा हिसार के पूर्व प्रधान ने लूणी व सांचौर में कांग्रेस प्रत्याशियों के साथ प्रचार किया





**पाठकपक्ष न्यूज**

**आदमपुर, 18 नवम्बर :** आदमपुर से वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप बैनीवाल ने राजस्थान में चल रहे विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के लिए प्रचार किया। लुणी व सांचौर विधानसभा में मंत्री सुखराम बिश्नोई, श्री वैभव गहलोत व विधायक महेंद्र बिश्नोई के साथ प्रचार करते हुए बैनीवाल ने दावा किया कि राजस्थान की जनता कांग्रेस सरकार की विकासवादी नीतियों पर मोहर लगाकर राजस्थान में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने का काम करेगी। भारतीय जनता पार्टी की विभाजनकारी राजनीति को राजस्थान की जनता अच्छे से समझ चुकी है व इनके बहकावे में आने वाली नहीं है। बैनीवाल ने बताया कि कांग्रेस की सात गारण्टियाँ मतदाताओं को अपनी और आकर्षित कर रही है व उनमे एक विश्वास पैदा कर रही है। इन गारंटियों में समाज के हर वर्ग के कल्याण की बुनियाद रखी गई है। महिलाओं के सम्मान व कल्याण को लेकर कांग्रेस के घोषणापत्र में विशेष स्थान दिया गया है वहीं बुजुर्गों की पेंशन की सम्माजनक व्यवस्था व उसमें तय बढ़ोतरी कांग्रेस सरकार की राजस्थान की जनता को बड़ी सौग़ात है। राजस्थान में पुरानी पेंशन स्कीम लागू करके कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों को बड़ी राहत प्रदान की है जिसका असर इस चुनाव में देखने को मिल रहा है। साथ ही प्रदीप बैनीवाल ने दावा किया कि इन विधानसभा चुनावों के बाद केंद्र व हरियाणा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी व आगामी चुनावों में दोनों जगह कांग्रेस की सरकार बनेगी।

## 19 से 25 नवंबर तक मनाया जाएगा सांप्रदायिक सद्भाव अभियान सप्ताह

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** देश भर में सांप्रदायिक सद्भाव की भावना को मजबूत बनाने के उद्देश्य से 19 से 25 नवंबर तक सांप्रदायिक सद्भाव अभियान सप्ताह मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त उत्तम सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लोगों में एकजुटता, आपसी भाईचारे व सांप्रदायिक सद्भाव की भावना को जागृत करने के लिए जिले में कौमी एकता सप्ताह का आयोजन करें ताकि सांप्रदायिक सद्भाव एवं राष्ट्रीय एकता के संदेश को देश एवं समाज के हर हिस्से तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि एक बहु सांस्कृतिक एवं बहुधार्मिक समाज में सहिष्णुता, सह-अस्तित्व एवं भाईचारे के मूल्यों की सदियों पुरानी परंपराओं को मजबूत किया जाए। देशभर में सांप्रदायिक सद्भाव, राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत बनाने और जीवंत, समग्र संस्कृति एवं भाईचारे को लेकर गौरव की भावना के संचार के मकसद से 19 नवंबर से 25 नवंबर तक सांप्रदायिक सद्भाव अभियान सप्ताह मनाया जाएगा। इस सप्ताह का पहला दिन 19 नवंबर राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में, दूसरा दिन 20 नवंबर अल्पसंख्यक कल्याण दिवस, तीसरा दिन 21 नवंबर भाषाई सद्भाव दिवस, चौथा दिन 22 नवंबर कमजोर वर्ग दिवस, पांचवा दिन 23 नवंबर सांस्कृतिक एकता दिवस, 24 नवंबर को झंडा दिवस तथा 25 नवंबर को सांप्रदायिक सद्भाव दिवस के तौर पर मनाया जाएगा।

## मेरी फसल-मेरा ब्यौरा : रबी फसलों के पंजीकरण के लिए पोर्टल शुरू

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा रबी फसलों के पंजीकरण के लिए मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल खोल दिया गया है। किसान रबी फसलों का पंजीकरण https:// fasal.haryana.gov.in पोर्टल पर जल्द करवाना सुनिश्चित करें। यह जानकारी देते हुए उप-कृषि निदेशक ने बताया कि कृषि उत्पादों को मंडियों में बेचने और कृषि योजनाओं का लाभ लेने हेतु पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। परिवार पहचान पत्र या आधार संख्या से जुड़े पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होने के बाद ही फसल पंजीकरण होगा। परिवार पहचान पत्र या आधार संख्या से जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर सही काम नहीं कर रहा है, तो आवेदक नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जा कर अपना सही मोबाइल नंबर दर्ज करवाएं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1800-180-2117 पर संपर्क किया जा सकता है।

# भाजपा-जजपा सरकार द्वारा प्राइवेट सेक्टर में 75 प्रतिशत युवाओं को आरक्षण देना सिर्फ एक जुमला सिद्ध हुआ है : बजरंग गर्ग



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने कहा कि भाजपा-जजपा सरकार द्वारा प्राइवेट सेक्टर में 75 प्रतिशत युवाओं को आरक्षण देने का नियम बनाना सिर्फ एक जुमला है और युवाओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। जबकि सरकार ने इस कानून को प्रभावशाली ढंग से नहीं बनाया और ना ही सरकार ने अच्छे ढंग से पैरवी की जिसके कारण हरियाणा एवं पंजाब हाईकोर्ट द्वारा इस कानून को खारिज कर दिया गया। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को कानून बनाने से पहले हरियाणा के उद्योगपतियों से बातचीत करके उनकी सहमति से कानून बनना चाहिए था ताकि सरकार व उद्योगपतियों में किसी प्रकार का आपसी टकराव ना रहे। मगर सरकार झूठी घोषणा व व्यादे करने में लगी हुई है। बजरंग गर्ग ने कहा कि भाजपा-जजपा सरकार ने प्राइवेट सेक्टर में 75 प्रतिशत युवाओं को नौकरी देने, 5100 रूपए बुढ़ापा पेंशन देने व गांव में शराब के ठेके ना खुलवाने की सभी घोषणाएं सिर्फ छलावा सिद्ध हुई है। जबकि भाजपा-जजपा सरकार का समझौता जनहित में नहीं सिर्फ मिल बाटकर मलाई खाने का समझौता है। जिसके कारण प्रदेश का व्यापारी व आम जनता सरकार से पूरी तरह से खफा है। श्री गर्ग ने कहा कि युवाओं को रोजगार देने की बजाएं सरकार ने रोजगार छीनने का काम किया है। गठबंधन सरकार ने बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए। सरकार ने सिर्फ युवाओं को बरगलाने के उद्देश्य से निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत युवाओं को नौकरी देने का जुमला फेंका था। जबकि सरकार को कृषि संबंधित कानून बनाते समय किसानों से, उद्योग संबंधित कानून बनाते समय उद्योगपतियों से बातचीत करके कानून बनाकर लागू करना चाहिए ताकि बाद में किसी प्रकार का वाद-विवाद ना रहे मगर सरकार सभी वर्गों की अनदेखी करते हुए लाठी-डंडों के दम पर सभी को हांकना चाहती है।

**अशोक मंगालीवाला ने चौपाल कार्यक्रम व चाय कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों से साधा संवाद**

# सकारात्मक सोच के साथ हिसार को विकसित करने की योजना : अशोक मंगालीवाला



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व जनसेवक अशोक मंगालीवाला ने विभिन्न गांवों में आयोजित चौपाल कार्यक्रमों व चाय कार्यक्रमों में शामिल होकर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को अपनी भावी जनकल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत करवाया। मंगालीवाला ने गांव बुडाना, राखी खास, राखी शाहपुर, पाबड़ा व बाड्या ब्राह्मणान सहित मंडी आदमपुर, सूर्य नगर, न्यू मॉडल टाउन व हिसार के सेक्टर-13 में आयोजित विभिन्न बैठकों में हिस्सा लिया। चौपाल व चाय कार्यक्रमों एवं बैठकों के दौरान अशोक मंगालीवाला ने कहा कि वे सकारात्मक सोच, दूरदृष्टि एवं जनकल्याणकारी नीतियों के साथ हिसार लोकसभा क्षेत्र का विकास करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 32 वर्षों तक विदेशों में रहकर उन्होंने खूब धन व नाम कमाने के साथ-साथ अनुभव भी हासिल किया है। उसी अनुभव के आधार पर वे हिसार जिले के युवाओं की बेहतरी के लिए काम कर सकते हैं। इस दौरान लोगों ने फूल मालाएं व पगड़ी पहनाकर अशोक मंगालीवाला का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस कार्यक्रमों में सरपंच अनिल कुमार, पूर्व सरपंच धर्मबीर, सतबीर, जगबीर सिंह, प्रेम सिंह, जिले सिंह, बलवान, मनीष बूरा, पूर्व सरपंच संदीप मलिक, जगदीश मलिक, संजय कुमार, तेजबीर, राममेहर सैन, सतपाल, सरपंच मास्टर दर्शन, सरजीत नंबरदार, पवन कुमार, होशियार सिंह, सुरेश, जगदीश, अजमेर, नरेश, राजेश, सुरेश, सतीश, पूर्व सरपंच रामबीर, रमेश, विक्रम, दिनेश अग्रवाल, रोहित जांगड़ा, प्रह्लाद, मुरारी लाल, रमेश, अजीत व अनिल सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंगालीवाला ने कहा कि हिसार की जनता मेरा अपना परिवार है। हिसार की जनता से मिले स्नेह व मान-सम्मान के बलबूते मैं जनप्रतिनिधि के तौर पर कार्य करने के लिए प्रत्यनशील हूं। उन्होंने कहा कि किसानों, मजदूरों, व्यापारी व नौकरीपेशा सहित हर वर्ग की बेहतरी के लिए पुख्या योजनाएं हैं। किसानों को फसल के बढ़िया दाम दिलवाना, विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाकर एवं उचित शैक्षिक वातावरण तैयार करके कमजोर वर्ग के बच्चों हेतु सुविधाएं जुटाना उनकी प्राथमिकता में शामिल है।

# स्त्री आर्य समाज मंदिर डोगरान मौहल्ला हिसार में चतुर्वेद शतकम् पारायण यज्ञ के द्वितीय दिवस यजुर्वेद के मंत्रों से आहुतियां प्रदान की गई




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** स्त्री आर्य समाज मंदिर डोगरान मौहल्ला हिसार के प्रांगण में चतुर्वेद शतकम् पारायण यज्ञ के द्वितीय दिवस की सायंकालीन वेला में यजुर्वेद के मंत्रों से आहुतियां प्रदान की गई। इस अवसर यज्ञ के ब्रह्मा डॉ. प्रमोद योगार्थी व आचार्य विश्वदेव ने सभी यज्ञार्थियों को कर्म का बहुत सुंदर उपदेश दिया। मनुष्य अपने जीवन में शुभ कर्मों को करता हुआ श्रेष्ठता को प्राप्त करता है। सात्विक,राजसिक एवं तामसिक यज्ञों पर भी प्रकाश डाला। इस यज्ञ में आर्य समाज नागोरी गेट के यशस्वी प्रधान चौधरी हरिसिंह सैनी जी ने उपस्थित होकर आशीर्वाद प्रदान किया। यजमान के रूप में आदरणीय श्री सुरेश मदान-श्रीमती ऊषा मदान, प्रमोद लाम्बा-आदर्श लाम्बा विकास-अर्चना ठकराल, अवनीश आर्य-अंजना आर्या, विनय मल्होत्रा-सीमा मल्होत्रा, ईश आर्य, अजय ऐलावादी, डॉ. शमशेर आर्य सपरिवार, कर्मवीर शास्त्री, लालदेव शास्त्री, सत्येन्द्र रावल सपरिवार, देवेन्द्र सैनी इत्यादि आर्य जनों श्रद्धा से आहुतियां दी। स्त्री आर्य समाज की प्रधाना सिम्मी काठपाल, राकेश काठपाल, योगिता राजपाल, सुदेश सरदाना गीता चोपड़ा, वीना आर्या, गीता कांता, सुनीता नाशा एवं समस्त आर्यजनों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# 239 महिला हैल्प डेस्क, 33 महिला थाने, 81 महिला पीसीआर तथा स्कूटी राइडर्स, 24 कंपनियां तथा 46 पैट्रोलिंग व्हीकल 24 घंटे महिलाओं की सुरक्षा में तैनात

**प्रदेश भर में महिलाओं में सुरक्षा की भावना को बल देने के लिए लिंग संवेदीकरण संबंधी आयोजित किए जाएंगे जागरूकता कार्यक्रम**

## हरियाणा - 112 पर 'सेफ जर्नी' को लेकर भी महिलाओं का बढ़ा रूझान, यात्रा के लिए खुद को कर रही है रजिस्टर



**पाठकपक्ष न्यूज**

**पंचकूला, 18 नवम्बर :** पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि महिलाओं के प्रति समाज को और अधिक समावेशी और निष्पक्ष बनाने के उद्देश्य से हरियाणा महिला पुलिसकर्मियों की टीम द्वारा जिलों के विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा अन्य संस्थानों में लिंग संवेदीकरण को लेकर अलग-2 सत्र लगाते हुए उन्हें जागरूक किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक जिला में महिला पुलिसकर्मियों की प्रशिक्षित तथा अनुभवी टीम की फील्ड में ड्यूटी लगाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि समाज में महिलाओं व पुरूषो में एक दूसरे के प्रति आदर व सम्मान की भावना को बल देने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा लिंग संवेदीकरण कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। इस दौरान प्रदेश के प्रत्येक जिले में अनुभवी प्रशिक्षित महिला पुलिसकर्मी विद्यालयो, महाविद्यालयों तथा अन्य संस्थानों में जाकर लैंगिक संवेदनशीलता से संबंधित नीतियों और प्रक्रियाओं सहित गुड टच तथा बैड टच के बारे में जानकारी देंगी ताकि वे लिंग आधारित मुद्दो के बारे मे जागरूक हो और सभी को सुरक्षित व समावेशी वातारण मिले।

डीआईजी महिला सुरक्षा नाजनीन भसीन ने बताया कि महिलाओं के विरूद्ध अपराध को रोकने के लिए पूरे प्रदेश में 25 कंपनियों की तैनाती की गई है और सार्वजनिक स्थानों, पब्लिक ट्रांसपोर्ट तथा छेड़छाड़ वाले हॉटस्पॉट क्षेत्रों में नियमित तौर पर आप्रेशन दुर्गा चलाया जा रहा है। इसके अलावा, प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 46 पैट्रोलिंग वाहन अलग से लगाए गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि प्रदेश में 33 महिला पुलिस थाने स्थापित किए गए हैं। इन महिला थानों पर पीड़ित महिलाओं के कानूनी मार्गदर्शन के लिए हरियाणा विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। प्रत्येक महिला थाने पर परामर्श केन्द्र भी तैयार किए गए है जहां महिलाएं निसंकोच अपनी बात रखते हुए मार्गदर्शन ले सकती हैं।

इसके साथ ही ,दुर्गा शक्ति एप के माध्यम से भी महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। महिला सुरक्षा संबंधी प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश भर में 81 महिला पीसीआर तथा स्कूटी राइडर्स भी लगाए गए हैं। इतना ही नही, दूर दराज के क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं की सुविधा के लिए उनके नजदीकी क्षेत्रों में 239 महिला हैल्प डेस्क स्थापित किए गए है ताकि जरूरत पड़ने पर महिलाओं को अपने घरों से दूर ना जाना पड़े और उन्हें अपने घर के नजदीक की कानूनी सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। महिला सुरक्षा को लेकर हरियाणा-112 द्वारा 'सेफ जर्नी' कांसेप्ट की भी पहल शुरू की गई है। रात के समय या दिन में सफर करने वाली महिलाएं इस हेल्पलाइन नंबर पर खुद को रजिस्टर करते हुए पुलिसकर्मियो के संपर्क में रहती है। सफर के दौरान भी पुलिसकर्मियों द्वारा फ़ोन करते हुए उन्हें ट्रैक किया जाता है और सुनिश्चित किया जाता है कि महिला सफर के दौरान सुरक्षित महसूस करें।

# पांच राज्यों के चुनाव में कांग्रेस बनाएगी सरकार : अमर गुप्ता

**पांच राज्यों में हार के साथ ही शुरू हो जाएगी भाजपा की उल्टी गिनती**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमर गुप्ता ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से कांग्रेस की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनविरोधी व बांटने वाली नीतियों से तंग जनता अब उसे नकारने का मन बना चुकी है। अमर गुप्ता ने कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया शुरू है और इन राज्यों की जनता का रूझान देखने से साफ पता चलता है कि वहां पर कांग्रेस भारी बहुमत से जीतकर सरकार बना रही है। केवल इन पांच राज्यों की ही नहीं बल्कि देश की जनता ने अब अच्छी तरह जान लिया है कि केवल कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है, जो हर वर्ग के हित की नीतियां बनाकर उन्हें लागू कर सकती है। वास्तव में कांग्रेस ने देश के आजादी के बाद ऐसा करके भी दिखाया है। हरियाणा के साथ लगते राजस्थान में भाजपा के नेता सरकार बनाने के लिए जोर लगा रहे हैं और लंबे चौड़े दावे कर रहे हैं लेकिन जनता को भाजपा के दावे गले नहीं उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारी वर्ग के हित में बड़ा फैसला लेते हुए राजस्थान की गहलोत सरकार ने पुरानी पैंशन बहाल की, जिसका भाजपा ने उस समय भी विरोध किया और अब भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र में भी ओपीएस का कोई जिक्र नहीं है। इसके अलावा गहलोत सरकार ने 100 यूनिट बिजली फ्री, 500 रुपये का गैस सिलेंडर, आयुष्मान योजना के तहत 25 लाख तक का इलाज फ्री जैसे अनेक ऐसे काम शुरू कर रखें है, जिनके बारे में भाजपा की बोलती बंद है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि राजस्थान के अलावा मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम में भी कांग्रेस पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी और इन चुनावों के बाद देश से भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी।

# चित्रकला प्रतियोगिता में हुनर ने बाजी मारी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 18 नवम्बर :** हरियाणा राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता जो कि भाखड़ा वयास प्रबंधन बोर्ड के द्वारा 17 नवंबर 2023 को पंचकूला में आयोजित की गई जिसमे हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ के छात्रों ने भाग लिया। इसमें बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल, हाँसी की कक्षा सातवीं की छात्रा हुनर सुपुत्री श्री अनिल लाम्बा ने तृतीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय, अभिभावकों, अध्यापकगणों व पुरे हाँसी शहर का नाम रोशन किया। इसमें कला अध्यापक श्री स्वागत राम व श्रीमती वंदना अरोड़ा का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधन समिति व प्रशासिका श्रीमती लवली चावला ने छात्रा व उसके अभिभावकों को बधाई दी तथा कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओ से बच्चो का सर्वागीण विकास होता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कंसल ने कहा कि छात्रा ने अपने नाम के अनुरूप कार्य किया तथा बताया कि भविष्य में इस कला को एक व्यवसाय के रूप में अपनाकर आजीविका का साधन भी बनाया जा सकता है।

# आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा सुदर्शन क्रिया फॉलोअप का आयोजन कल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** आर्ट ऑफ लिविंग की हिसार इकाई द्वारा दिनांक 19 नवम्बर, रविवार प्रातः 6:30 से 8:30 बजे तक परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी की पवित्र वाणी में दिव्य-सुदर्शन क्रिया फ़ॉलोअप का आयोजन किया जाएगा। आर्ट ऑफ लिविंग स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कल का सत्र दो स्थान - भारत माता मंदिर, एम.सी कॉलोनी एवं आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस सेंटर, मकान नं. 3222, सेक्टर-14, पार्ट-2 बेसमेंट में आयोजित किया जाएगा जिसका संचालन महावीर अग्रवाल एवं विजय शर्मा करेंगे।

# चैक बाउंस होने पर अदालत ने सज़ा सुनाई

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** इन्डस इन्ड बैंक लीगल मैनेजर सुनील कालरा ने लिखित वक्तव्य में बताया है कि हिसार की एक अदालत ने इन्डसइन्ड बैंक के लोन डिफाल्टर डबवाली निवासी अमनदीप को चार मास की कैद की सजा सुनाई है। अमनदीप सिंह ने कार के लिए साढ़े चार लाख का लोन लिया था। उसने जो चैक दिया वह बाउंस हो गया था। अदालत ने उसे दोषी पाया और सजा के साथ राशि जमा करवाने के आदेश दिए। आरोपी के वकील नवीन पूनिया ने बताया कि फैसले पर पुनर्विचार के लिए अपील की जाएगी। उस बीच आरोपी को जमानत दे दी गई है। अमनदीप ने बताया कि यह कार उसका एक दोस्त लेकर गया था और सड़क दुर्घटना में पत्नी सहित उसकी मौत हो गई। बैंक ने बीमा किया हुआ था, परंतु भुगतान नहीं किया, जिसका केस अदालत के विचाराधीन है।






**Name Change**

I, Minakshi W/o Sh. Anil Kumar R/o Near DM Haryana Sr. Sec. School, Luxmi Vihar Colony, Barwala, Distt. Hisar (Haryana) hereby declare that I have changed my Name from Minakshi to Minakshi Devi for all future purposes.

- Deponent

डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573

WORK FROM PHONE
Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :
7027924000

# नशा मुक्ति टीम जींद ने ग्राम वासियों को स्टेट एक्शन प्लान के बारे किया जागरूक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** गत दिवस श्री श्रीकांत जाधव अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हिसार मंडल हिसार के निर्देशन में गांव मालवी में नशा मुक्ति टीम जींद ने कमेटी सदस्यों के साथ डोर-टू-डोर और चौक-चौराहा पर जाकर ग्राम वासियों को स्टेट एक्शन प्लान के बारे में जागरूक किया। इस दौरान 3 नशा पीड़ितों की पहचान करके डोजियर फॉर्म भरे गए। बुढा बाबा बस्ती कमेटी सदस्यों के साथ मीटिंग की गई। 10 डोजियर फॉर्म अपलोड करने के लिए थाना जुलाना में दिए गए।

**Name Change**

I, Saroj W/o Raj Kumar Rajotia R/o H. No. 1438, Ward No. 4, Near Bala Ram Dharamshala, Sainian Mohalla, Hisar, Haryana, 125001 declare that I have changed my name from Saroj to SAROJ RAJOTIA for all future purpose.

- Deponent

**Name Change**

I, Raj Kumar S/o Roshan Lal R/o H. No. 1438, Ward No. 4, Near Bala Ram Dharamshala, Sainian Maholla, Hisar, Haryana, 125001 declare that I have changed my name from Raj Kumar to RAJ KUMAR RAJOTIA for all future purpose.

- Deponent

**Name Change**

I, Sunita Mehta W/o Sh. Amit Mehta R/o H. No. 20, Gali No. 2, Jawahar Nagar, Hisar, Haryana hereby declare that I have changed my name from Sunita to SUNITA MEHTA for all future purposes.

- Deponent

**Name Change**

I, Aman Kathuria S/o Sh. Raj Kumar R/o H. No. 135, Housing Bord Colony, Sirsa Road, Hisar declare that I have changed my name from Aman Kathuriya/Aman to AMAN KATHURIA for all future purpose.

- Deponent

**Name Change**

I, Satbir Singh S/o Chandgi Ram R/o House No. 238, Ram Nagar -2, Navdeep Colony, Hisar declare that I have changed my name from Satbir Singh to SATVIR SINGH for all future purpose.

- Deponent

**Name Change**

I, Deepak Sharma S/o Raj Kumar Rajotia R/o H. No. 1438, Ward No. 4, Near Bala Ram Dharamshala, Sainian Maholla, Hisar, Haryana, 125001 declare that I have changed my name from Deepak Sharma to DEEPAK RAJOTIA for all future purpose.

- Deponent

# नारी नारायणी फाउंडेशन द्वारा एल.डी.एस.डी. पब्लिक स्कूल अंग्रेजी विषय पर वर्कशॉप आयोजित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 18 नवम्बर :** नारी नारायणी फाउंडेशन द्वारा एल.डी.एस.डी. पब्लिक स्कूल शाखा पी.सी.एस.डी. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हांसी में अंग्रेजी विषय की वर्कशॉप का आयोजन किया गया। नारी नारायणी फाउंडेशन की संचालिका श्रीमती पूनम नागपाल ने बच्चों को अंग्रेजी विषय की बारीकियों के बारे में विस्तार से समझाया। अंग्रेजी विषय में आने वाली कठिनाइयों को किस तरह से आसान बनाया जा सकता है इन सब की जानकारी बच्चों को दी। इस पर विद्यालय डायरेक्टर श्रीमती गुंजन गोयल ने बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा बताया कि बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए इस तरह के सभी विषयों की वर्कशॉप का आयोजन समय-समय पर विद्यालय में किया जाता है। इस पर विद्यालय मुख्य अध्यापिका श्रीमती मंजू रानी व उप प्रधानाचार्य तानिया सोनी ने पूनम नागपाल जी का तह दिल से धन्यवाद किया कि उन्होंने अपना कीमती समय विद्यालय को दिया।

**Name Change**

I, Meenu Jain W/o Sh. Rajiv Jain R/o H. NO. 1195, Sector-14, Hisar (Haryana) hereby declare that I have changed my name from Meenu Jain to MEENU for all future purposes.

- Deponent

**Name Change**

I, Rajiv Kumar S/o Sh. Ashok Kumar Jain R/o H. NO. 1195, Sector-14, Hisar (Haryana) hereby declare that I have changed my Name from Rajiv Kumar to Rajiv Jain for all future purposes.

- Deponent

# गैर शिक्षक कर्मचारी संघ ने एचएयू में पांच दिन का सप्ताह लागू करने के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष मांग उठाने हेतु हरीश वर्मा को सौंपा ज्ञापन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने विभिन्न संगठनों से जुड़े समाजसेवी हरीश वर्मा को मुख्यमंत्री के समक्ष मांग उठाने हेतु एक पत्र सौंपा। उन्होंने पत्र के माध्यय से हकृवि में पांच दिन का सप्ताह लागू करने की मांग उठाई। हरीश वर्मा ने कहा कि वे हकृवि गैर कर्मचारी संघ की इस मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे। हकृवि गैर कर्मचारी संघ ने ज्ञापन के माध्यम से गैर शिक्षक कर्मचारी संघ ने मांग उठाई कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय को छोड़ कर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में अभी तक पांच दिन का सप्ताह लागू नहीं किया गया है। कर्मचारियों की यह मांग पिछले 30 वर्षों से चली आ रही है। हरियाणा प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों एवं हरियाणा सरकार के सभी कार्यालयों में पांच दिन का सप्ताह लागू किया जा चुका है। इसके साथ-साथ पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना, आईसीएआर तथा भारत के सभी कृषि विश्वविद्यालयों में भी पांच दिन का सप्ताह लागू है जहां पर भी इस विश्वविद्यालय के समान ही कार्य है। यह विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी 3000 कर्मचारियों के साथ बहुत बड़ी नाइंसाफी है। गैर शिक्षक कर्मचारी संघ ने पत्र के माध्यम से मांग उठाई कि कर्मचारियों के साथ हो रहे इस अन्याय को समाप्त करके तुरंत प्रभाव से हकृवि में पांच दिन का सप्ताह लागू किया जाए। हरीश वर्मा ने विश्वास दिलाया कि वे मुख्यमंत्री तक कर्मचारियों की बात को जरूर पहुंचाएंगे। हरीश वर्मा 3 दिसंबर को जीजेयू के सभागार में हो रहे युवा सम्मेलन के लिए निमंत्रण देने हेतु वहां पहुंचे थे।



# सरकार किसान को खाद व एमएसपी देने में नाकाम साबित हुई : बूरा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** कांग्रेसी नेता व हरियाणा टैक्स ट्रिब्यूनल के पूर्व न्यायिक सदस्य हरपाल बूरा ने कहा है कि डीएपी खाद व धान की खरीद पर सरकार को किसानों से अन्याय नहीं करना चाहिये। हर साल की तरह किसान डीएपी खाद के लिये लाइनों में सुबह से शाम तक खड़े रहते हैं फिर भी खाद नहीं मिलता। अगर मिलता भी है तो शर्तों के साथ किसान को नैनो यूरिया, सल्फर, जिंक, चूरी, खल साथ में खरीदने पड़ रहे हैं। सरसों और गेहूं की बिजाई का काम चल रहा है। ऊपर से किसान को खाद नहीं मिल रही। आय दोगुणा करने का जुमला गढ़ने वाली सरकार ने एक और सूखा व बाढ़ से पीड़ित किसान जहां धान की फसल को तीन से चार बार तक रोपाई करनी पड़ रही। उसकी अब धान की खरीद बंद कर दी गई जबकि 30 प्रतिशत धान अब भी खेतों में पड़ा है और सरकार ने 15 नवम्बर से खरीद बंद कर दी जबकि खरीद सरकार के लक्ष्य से 1.30 लाख टन की कमी रहे गई। किसान का धान मंडी में एक दम आया तो केंद्र ने एक्सपोर्ट ड्यूटी 1250 कर दी। सेलर मालिकों ने हड़ताल कर की, जब 950 रुपये के हिसाब से किसान अपना धान बेच चुका था। इसलिये सरकार को किसान को खाद उपलब्ध करवानी चाहिये और बाढ़ व सूखे का अब तक मुआवजा नहीं मिला, ऊपर से किसान विरोध फैसले सरकार ले रही है।



# डीएपी की आपूर्ति को लेकर सरकार के दावे खोखले साबित : दलबीर किरमारा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** आम आदमी पार्टी ने डीएपी की कमी को लेकर प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार पर हमला बोला है। पार्टी के जिला ग्रामीण प्रधान दलबीर किरमारा ने आज एक बयान जारी कर भाजपा-जजपा सरकार द्वारा किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध न करवाने और डीएपी खाद की कालाबाजारी करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि हिसार जिला सहित पूरे प्रदेश में किसान डीएपी खाद की किल्लत और कालाबाजारी से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि गेहूं की बिजाई शुरू हो चुकी है लेकिन सरकार द्वारा डीएपी की आपूर्ति को लेकर किए गए सभी दावे खोखले साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ना किसानों को वक्त पर खाद दे पा रही हैं और ना ही मुआवजा। सरकार द्वारा कागजों में खाद के भंडार दिखाए जा रहे हैं, लेकिन वह किसानों तक नहीं पहुंच रहे। इससे स्पष्ट है कि खाद की कालाबाजारी हो रही है। जिला ग्रामीण प्रधान दलबीर किरमारा ने कहा कि जहां थोड़ी बहुत डीएपी खाद किसानों को मिल रही है वहां उन किसानों को डीएपी खाद के साथ नैनो यूरिया, सल्फर, जिंक, सागरिका एवं कई जगह पर खल और चूरी के कट्टे समेत अन्य सामान भी जबरदस्ती बेचा जा रहा है। हिसार जिला में खुले में हो रहे भ्रष्टाचार की मिसाल देखने को मिली है जहां किसानों की शिकायत पर खाद बीज बेचने वाली दो फर्मों का लाइसेंस सस्पेंड किए जाने के बाद भी कई बीज भंडारों पर सरेआम सामान बिक रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के संरक्षण के चलते आज प्रदेश में डीएपी की कालाबाजारी हो रही है, जिसका खामियाजा प्रदेश के किसानों के भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही किसानों को उनकी मांग के अनुसार डीएपी की आपूर्ति नहीं की तो आम आदमी पार्टी किसानों के साथ मिलकर इसको लेकर आंदोलन करने को मजबूर होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की होगी।



# हकृवि में पीएचडी विषयों में दाखिले शुरू, 6 दिसंबर तक कर सकेंगे आवेदन

## विश्वविद्यालय की वेबसाइट hau.ac.in and admissions.hau.ac.in पर ले सकते हैं अधिक जानकारी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में विभिन्न पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुके हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि आवेदन की प्रक्रिया 6 दिसंबर 2023 तक जारी रहेगी। उन्होंने बताया पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिला एंट्रेस टेस्ट में हासिल मेरिट के आधार पर होगा। ऑनलाइन आवेदन फार्म एवं प्रोस्पेक्टस विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन करने से पहले और कांउसलिंग के समय आने से पूर्व उम्मीदवार प्रोस्पेक्टस-2023-24 में दिए गए दाखिला संबंधी सभी हिदायतों व नियमों को अच्छी तरह से पढ़ लें। सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार के लिए आवेदन की फीस 1500 रुपये जबकि अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग)के उम्मीदवारों के लिए 375 रूपये होगी। इसके अलावा उपलब्ध सीटों की संख्या, महत्वपूर्ण तिथियां, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, दाखिला प्रक्रिया आदि संबंधी सभी जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रोस्टपेक्टस में मौजूद है। उन्होंने उम्मीदवारों को दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट hau.ac.in and admissions.hau.ac.in पर नियमित रूप से चेक करते रहने को कहा है।

**पीएचडी प्रोग्राम में दाखिले की ये होगी प्रक्रिया**

स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में पीएचडी में दाखिला कॉमन एंट्रेस टेस्ट के आधार पर होगा। उन्होने बताया कि कृषि महाविद्यालय में एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स, एग्रोनॉमी, इंटोमोलॉजी, एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एजुकेशन, हॉर्टिकल्चर, नेमोटोलॉजी, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, प्लांट पेथोलॉजी, सीड साइंस एवं टैक्नोलॉजी, सायल साइंस, वेजीटेबल साइंस, एग्री. मेटीयोरोलॉजी, फोरेस्ट्री, एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट व बिजनेस मैनेजमेंट विषय शामिल हैं, जबकि मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय में केमिस्ट्री, बॉयो केमिस्ट्री, प्लांट फिजियोलॉजी, इनवायरमेंटल साइंस, माइक्रोबायोलॉजी, जुलोजी, सोशियोलॉजी, स्टेटिक्स, फिजिक्स, मेथेमेटिक्स व फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी विषयों में दाखिलें होंगे। इसी प्रकार, बायोटेक्नोलॉजी महाविद्यालय में मोलिक्युलर बॉयोलॉजी एंड बॉयोटेक्नोलॉजी, बॉयोइन्फर्मेटिक्स विषय शामिल होंगे। सामुदयिक विज्ञान महाविद्यालय में फूड्स एंड न्यूट्रीशन, एपिरेल एंड टेक्सटाइल साइंस, एक्सटेंशन एजुकेशन एंड कम्युनिकेशन मैनेजमेंट, ह्यूमन डेवेलपमेंट एंड फैमिली स्ट्डीज व रिसोर्स मैनेजमेंट एंड कंज्यूमर साइंस विषय शामिल हैं। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में सॉयल एंड वाटर इंजीनियरिंग (in CSSRI, Karnal) और मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में एक्वाकल्चर, फिशरीज रिसोर्स मैनेजमेंट, फिश प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी व एक्वाटिक एनवॉयरमेंट मैनेजमेंट विषय शामिल हैं। हरियाणा प्रदेश से बाहरी राज्यों के उम्मीदवार भी पीएचडी में अतिरिक्त सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा एनआरआई व इंडस्ट्री स्पोंसर्स उम्मीदवारों के लिए भी पीएचडी में अतिरिक्त सीटें उपलब्ध हैं।

# गोपाष्टमी पर हरियाणा कुरुक्षेत्र गौशाला में श्याम महोत्सव 20 को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** दिल्ली बाई पास रोड स्थित श्रीहरियाणा कुरुक्षेत्र गौशाला में खाटू दर्शन सेवा समिति के सहयोग से 20 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक श्याम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए गौशाला के मुख्य सेवादार सत्यप्रकाश राजलीवाला, विनोद गुप्ता, प्रवीन गर्ग झंडू ने बताया कि श्याम महोत्सव में ज्योत सेवा आर.के.जांगड़ा की रहेगी। समाजसेवी अंशुल गोयल के अलावा साहिल राखा दरबार सेवा करेंगे। भजन गायक सोनू गांधी, सुमित मित्तल, प्रवीन अग्रवाल, संजय सिंगला, केशव गर्ग, दीपिका सिंगल, किशोरी पलक, भूमिका पाहुजा, रिद्धि शर्मा श्याम बाबा व गऊ माता की महिमा का गुणगान करेंगे। मंच संचालन सोनू सिंगला करेंगे। श्याम महोत्सव के दौरान भंडारा भी चलाया जाएगा। सेवादार विनोद गुप्ता ने बताया कि हिसार शहर की सबसे पुरानी, वर्ष 1892 में स्थापित इस गौशाला में हजारों गायों का लालन-पालन किया जा रहा है। गौशाला प्रांगण में बने गौ चिकित्सालय में नित्य प्रति अनेक गायों का इलाज किया जाता है। अनेक अनुभवी डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। गुप्ता ने बताया कि गौपाष्टमी के दिन गौशाला में जाकर गौपूजन करने से मनुष्य की सभी मनोकमाएं पूरी होती है। गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास बताया गया है। इस दिन गायों की परिक्रमा करने से सुख-समृद्धि व धन-धान्य की कमी नहीं रहती। ग्रंथों में भी गाय की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है।

# रियाज़ अकादमी की छात्राओं ने नृत्य में मारी बाज़ी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** शहर की नामी रियाज़ अकादमी ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स की छात्राओं ने ज़िला स्तरीय बाल महोत्सव की शास्त्री नृत्य प्रतियोगिताओं के हर वर्ग में बाज़ी मारी है। डॉ राखी की शिष्या युक्ति ने नौंवी क्लास तक की श्रेणी में तृतीय स्थान, मन्नत में पाँचवीं श्रेणी तक पहला स्थान और यशिका ने नौंवी कक्षा तक की प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया है। संस्था के सचिव यशराज शर्मा ने कहा कि इससे पहले भी युवा उत्सव में अनन्या ने कथक में पहला स्थान प्राप्त किया है और अनन्या अब इंटर यूनिवर्सिटी में भागीदारी करेगी। डॉ राखी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में लगभग 300 छात्राओं को यहाँ से कथक कि शिक्षा प्राप्त की है। कई छात्रायें आज कथक शिक्षक हैं। अकादमी आगे भी इसी प्रकार प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेगी और हिसार का नाम रोशन करेगी।



# आईडी डीएवी जूनियर पब्लिक स्कूल, में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

## नशा एक ऐसी बुराई है, जिसने घरों के घर बर्बाद कर दिए, इससे हमे दूर रहना चाहिए : गुप्ता

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** 'नशा एक ऐसी बुराई है,जिसने घरों के घर बरबाद कर दिए' इस बुराई से दूर रह कर व नशा मुक्ति को अपनाकर हम स्वस्थ, सशक्त और समृद्ध समाज का निर्माण कर सकते हैं। इसलिए, हमें नशा मुक्ति के लिए जागरूकता फैलानी चाहिए और हमे एक साथ मिलकर नशे से लड़ने के उपाय ढूंढने में सहयोग करना चाहिए। यदि हम सभी मिलकर सामरिक भावना दिखाएंगे, तो हम निश्चित रूप से एक नशा मुक्त समाज की ओर अग्रसर होंगे। उक्त वक्तव्य रोटरी क्लब के पूर्व प्रधान व रोटेरियन मोहित गुप्ता ने सेक्टर 14 में स्थित आई डीएवी जूनियर पब्लिक स्कूल में रोटरी द्वारा आयोजित नशा मुक्त हो भारत हमारा कार्यक्रम में बच्चों, स्कूल स्टाफ व रोटेरियन के बीच व्यक्त किए। भाषण प्रतियोगिता से पूर्व, स्कूल स्टाफ व आए रोटेरियन ने गायत्री मंत्र व दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता को प्रारंभ किया। 'श्रृंखला तोड़ो-नशे की लत व उसका सामना करती छाया का' विषय पर हिंदी व अंग्रेज़ी भाषा में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चो ने नशे के खिलाफ अपनी प्रस्तुति दी। रोटेरियन मोहित गुप्ता द्वारा सभा में उपस्थित सभी सदस्यों को नशे से दूर रहने व नशा मुक्ति समाज के निर्माण में अपना अहम योगदान देने के शपथ भी दिलवाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डी.ए.वी. की सहायक क्षेत्रीय निदेशक सुनीता बहल ने अपने प्रभावी वक्तव्य में रोटरी क्लब द्वारा जनहित में किए जा रहे सामाजिक जिम्मेदारी के निर्वहन को सराहनीय कदम बताया तथा उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करवाया। भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में विद्यालय के अंग्रेजी व हिंदी के विभागाध्यक्ष सुरभि व संतोष शर्मा ने विभिन्न मापदंडों द्वारा विद्यार्थियों की प्रस्तुति को निरीक्षित किया। प्रतियोगिता में अंशुमन ने प्रथम स्थान, पूजा ने द्वितीय स्थान व निष्ठा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विजेता छात्रों को आकर्षक एवं मनमोहक ट्रॉफी से नवाज़ा गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र भी दिए गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी मीनाक्षी गेरा डीएवी की सहायक क्षेत्रीय निदेशक, सुनीता बहल, आई डीएवी पब्लिक स्कूल, डाबड़ा रोड की प्रधानाचार्या, नीलम गर्ग, डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, हांसी की मुख्य अध्यापिका कोमल शर्मा के अलावा रोटरी क्लब के रोटेरियन मोहित गुप्ता, देव कुमार गर्ग व प्रीतम गोयल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।










# सिद्धार्थ की वंशिका ने जीता कांस्य पदक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 18 नवम्बर :** सी.बी.एस.ई. राष्ट्रीय एथलीट मीट 2023-24 का आयोजन एम.एच. वर्ल्ड स्कूल, रायपुर, छत्तीसगढ़ में 5 से 7 नवंबर के दौरान किया गया, जिसमें सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा नौंवी की छात्रा वंशिका ने भाला फेंक प्रतियोगिता में भाग लेकर तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। सिद्धार्थ प्रबंधन समिति ने वंशिका की इस उपलब्धि पर उसे बधाई दी। मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अजय सिंह और प्रधानाचार्या श्रीमती पुष्पा सिहाग ने वंशिका को शुभकामनाएं प्रदान की।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33-एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33-एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।
सम्पादक : आशीष मलिक
उप-सम्पादक : मनोज कुमार
विजय कुमार : 98964-72584
श्याम नागपाल : 92552-73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960-38818
Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।